राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | भोपाल, मंगलवार, 01 जुलाई 2025 | वर्ष- 10 | अंक- 197 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-

**ज्ञानामृत**

यदि आप चाहते हैं कि लोग आपके साथ सच्चा व्यवहार करें तो आप खुद सच्चे बनें और अन्य लोगों से भी सच्चा व्यवहार करें।

▶▶ महर्षि अरविन्द

### 90 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन पर बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# मोहन के नेतृत्व में जन-भागीदारी से जल गंगा संवर्धन अभियान बना जन-आंदोलन

**विजय मत, ब्यूरो खंडवा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी टीम के जल संवर्धन और संचयन के कार्यों से जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-आंदोलन बनते देखना सुखद अनुभूति है। प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश के लाखों लोगों के परिश्रम, समर्पण और आस्था से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर प्रेषित अपने संदेश में प्रदेशवासियों, विशेषत- जलदूतों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं और किसानों को शुभकामनाएँ दीं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पानी की एक-एक बूँद बचाने के लिये 90 दिन तक चले जल गंगा संवर्धन अभियान में जन-भागीदारी से हुए कार्यों को ऐतिहासिक बताते हुए प्रदेशवासियों को उनके योगदान के लिये धन्यवाद दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश के लाखों लोगों के परिश्रम, समर्पण और आस्था से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर जारी अपने संदेश में यह बात कही। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित प्रदेशवासियों को इस सफलता के लिये बधाई भी दी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गुड़ीपड़वा से आरंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान का सोमवार को खण्डवा में समारोहपूर्वक समापन हुआ। इस दौरान वॉटर शेड सम्मेलन भी आयोजित किया गया।

## एक बगिया मां के नाम से संचालित होता रहेगा अभियानः सीएम मोहन

**मुख्यमंत्री ने समारोह में किया 1568 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज से जल गंगा संरक्षण अभियान नए रूप में शुरू होगा। प्रदेशभर में एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ हुआ है। उद्यानिकी विभाग के सहयोग से 30 जून से 15 अगस्त तक शासकीय भूमि पर पौधारोपण किया जाएगा। इसके बाद 15 अगस्त से 15 सितंबर तक निजी भूमि पर पौधारोपण कार्य होगा। प्रदेशवासियों को हरियाली विकसित करने और बागवानी के लिए प्रोत्साहित करने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने नई योजना तैयार की है, जिसके अंतर्गत प्रदेश की 30 हजार महिलाओं को एक एकड़ जमीन पर फलदार पेड़ लगाकर बगिया विकसित करने के लिए 3 लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी। यह राशि पौधारोपण, फेंसिंग, सिंचाई सुविधा सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए हर वर्ष 3 चरण में दी जाएगी। इस प्रकार आगामी 3 वर्ष में प्रदेश की 30 हजार एकड़ जमीन पर एक बगिया मां के नाम तैयार होंगी। इस अभियान में राज्य सरकार पर कुल 900 करोड़ रुपए का व्यय भार आएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। यहां से लगभग 300 नदियां निकलती हैं। प्रदेश से निकली ये नदियां अन्य पड़ौसी राज्यों को भी जीवन देती हैं।

### 4 जुलाई को मेधावी विद्यार्थियों को दिए जाएंगे लैपटॉप

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहना योजना की पात्र हितग्राहियों को रक्षाबंधन से पहले अतिरिक्त 250 रुपए शगुन के रूप में मिलेंगे। दीपावली के बाद भाई-दूज से लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए दिए जाएंगे। राज्य सरकार संकल्प पूरा करते हुए आगामी चुनाव तक 3000 रुपए बहनों के खातों में भेजेगी। वहां 4 जुलाई को मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूटी की राशि वितरित की जाएगी। शासकीय स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को किताब-कॉपी के साथ साइकिलें भी बांटी जा रही हैं। सांदीपनि विद्यालय के रूप में हमारी शिक्षा व्यवस्था को एक अनुपम सौगात मिल रही है। राज्य सरकार धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाएगी, वहां विजयादशमी पर शस्त्र पूजन भी भव्यता के साथ होगा।

# पीएचई मंत्री संपतिया उइके पर एक हजार करोड़ की रिश्वत के आरोप

### PMO के आदेश पर पीएचई विभाग ने खुद ही शुरू की जांच

**विजय मत, भोपाल**



मध्यप्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) मंत्री संपतिया उईके पर जल जीवन मिशन से जुड़े कार्यों में 1,000 करोड़ रुपये के कथित कमीशन लेने के गंभीर आरोप लगे हैं। इस मामले में खुद पीएचई विभाग ने मंत्री के खिलाफ आंतरिक जांच शुरू कर दी है। विभाग के प्रमुख अभियंता (ईएनसी) संजय अंधवान ने प्रधानमंत्री को भेजी गई शिकायत और केंद्र सरकार से प्राप्त निर्देशों के आधार पर जांच के आदेश जारी किए हैं। प्रमुख अभियंता कार्यालय ने प्रदेश के सभी मुख्य अभियंताओं और मप्र जल निगम के परियोजना निदेशकों को पत्र भेजकर सात दिन में रिपोर्ट मांगी है। केंद्र सरकार की ओर से जल जीवन मिशन के लिए मध्यप्रदेश को दिए गए 30,000 करोड़ रुपये के व्यय की व्यापक जांच के आदेश भी इस पत्र में शामिल हैं। साथ ही मंत्री उईके और मंडला जिले के कार्यपालन यंत्री, जिन पर मंत्री के लिए कथित रूप से कमीशन एकत्र करने का आरोप है, उनकी संपत्तियों की भी जांच की जाएगी।

### विभाग ने आरोपों को बताया "तथ्यहीन और मनगढ़ंत"

सोमवार शाम को विभाग की ओर से जनसंपर्क विभाग के माध्यम से जारी बयान में प्रमुख अभियंता अंधवान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक किशोर समरीते द्वारा की गई शिकायत में कोई ठोस प्रमाण नहीं दिया गया है। शिकायत केवल सूचना के अधिकार (RTI) के तहत प्राप्त पुराने पत्राचार के आधार पर की गई है, जिसे तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया गया। प्रमुख अभियंता ने यह भी स्पष्ट किया कि बालाघाट के कार्यपालन यंत्री की रिपोर्ट के अनुसार जल जीवन मिशन में कोई अनियमितता नहीं पाई गई है।

### जांच में क्या...?

मामले की गंभीरता को देखते हुए पीएचई विभाग ने अपनी आंतरिक अनुशासनात्मक प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रमुख अभियंता ने सभी परियोजना अधिकारियों और अभियंताओं को निर्देशित किया है कि जल जीवन मिशन के तहत हुए सभी कार्यों और भुगतान की पारदर्शी समीक्षा की जाए और तथ्यों पर आधारित विस्तृत रिपोर्ट पेश की जाए।

### समरीते के आरोपः ईएनसी, इंजीनियर और मंत्री के नाम शामिल

किशोर समरीते ने 12 अप्रैल 2025 को प्रधानमंत्री को भेजी गई शिकायत में दावा किया है कि जल जीवन मिशन में बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ है। उनके मुताबिक-

- मंत्री संपतिया उइके ने 1,000 करोड़ रुपए कमीशन लिया।
- तत्कालीन ईएनसी बीके सोनगरिया ने अपने अकाउंटेंट महेंद्र खरे के जरिए 2,000 करोड़ का कमीशन लिया।
- जल निगम के डायरेक्टर जनरल और कई इंजीनियरों ने एक-एक हजार करोड़ तक की वसूली की।
- बैतूल के कार्यपालन यंत्री ने बिना कोई कार्य कराए ही 150 करोड़ रुपए शासन के खाते से निकाल लिए।
- छिंदवाड़ा और बालाघाट में 2200 टेंडरों में बिना काम के ही भुगतान किया गया।
- 7,000 फर्जी पूर्णता प्रमाण पत्र केंद्र सरकार को भेजे गए।

समरीते ने इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग की है और कहा है कि यह घोटाला देश के सबसे बड़े घोटालों में से एक साबित हो सकता है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### जानवर 'जीवन धन' हैं, 'पशु' शब्द का इस्तेमाल ठीक नहीं: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि जानवरों के लिये 'पशु' शब्द का इस्तेमाल करना 'ठीक नहीं है'। मुर्मू ने जानवरों को 'जीवन धन' करार दिया। राष्ट्रपति ने भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के 11वें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा, "जानवरों के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकता, इसलिए 'पशु' शब्द ठीक नहीं लगता। उनके बिना हम जिंदगी सोच नहीं सकते।" उन्होंने कहा, "हमारी संस्कृति जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। पशुओं से हमारे देवताओं और ऋषि-मुनियों का संवाद होता है। यह मान्यता भी इस सोच पर आधारित है। भगवान के कई अवतार भी इसी विशिष्ट श्रेणी में हैं।" मुर्मू ने जैव विविधता के महत्व को दर्शाते हुए कहा कि आईवीआरआई जैसी संस्थाओं से अपील है कि वे जैव विविधता को बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाएं।



### अमरनाथ यात्रा में जम्मू के सरस्वती धाम में टिकट काउंटर शुरू

**जम्मू, एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा की शुरुआत से पहले जम्मू के सरस्वती धाम में टिकट काउंटरों की औपचारिक शुरुआत की गई है। सरस्वती धाम में इस साल कुल 12 टिकट काउंटर शुरू किए गए हैं, जिनमें 6 काउंटर पहलगाम रूट के लिए और 6 काउंटर बालटाल रूट के लिए निर्धारित किए गए हैं। दोनों रूटों के लिए हर दिन एक-एक हजार टिकट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मौसम को ध्यान में रखते हुए यात्रियों के लिए वॉटरप्रूफ वेटिंग रूम की भी व्यवस्था की गई है, ताकि बारिश या खराब मौसम की स्थिति में उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। जम्मू साउथ, एसडीएम मनु हंसा ने बताया कि टिकट काउंटर के अलावा दो वेटिंग एरिया बनाए हैं, जिसमें एक पहलगाम और दूसरा बालटाल रूट पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बनाया है। यहां यही एकमात्र टिकट काउंटर है। जहां से श्रद्धालुओं को टिकट दिए जा रहे हैं।



### गिरावट का दौर जारी, सोना 200 रुपये सस्ता, चांदी भी फिसली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार सातवें दिन सोने में गिरावट जारी रही। सोमवार को सोने का भाव 200 रुपये घटकर 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं चांदी की कीमत भी 200 रुपये घटकर 1,02,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के बीच सोमवार को राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 200 रुपये घटकर 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसी के साथ सोने में लगातार सातवें दिन गिरावट जारी रही। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 150 रुपए घटकर 97,050 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। वहीं चांदी की कीमत भी 200 रुपये घटकर 1,02,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।



## कल मिलेगा मप्र भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष, आज भरे जाएंगे नामांकन

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद का चुनाव कार्यक्रम घोषित

**विजय मत, भोपाल**

मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए औपचारिक चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। पार्टी के संविधान और केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार यह प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। राज्य निर्वाचन अधिकारी विवेक शेजवलकर द्वारा सोमवार को यह अधिसूचना जारी की गई। जारी कार्यक्रम के अनुसार, 1 जुलाई 2025 को शाम 4:30 बजे से 6:30 बजे तक नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। इसके तुरंत बाद, 6:30 बजे से 7:30 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच और 7:30 बजे से 8:00 बजे तक नामांकन वापसी की प्रक्रिया होगी। उसी दिन 8:30 बजे रात को नामांकन पत्रों की अंतिम सूची घोषित की जाएगी। यदि आवश्यक हुआ तो 2 जुलाई 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान कराया जाएगा और मतदान की समाप्ति के तुरंत बाद दोपहर 2 बजे मतगणना एवं परिणामों की घोषणा की जाएगी।




## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बनी सहमति, 8 को हो सकता है ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। एक ओर दुनियाभर में दहशत है कि टैरिफ को लेकर ट्रंप अपनी नौ जुलाई की समयसीमा के बाद क्या करेंगे? वहीं दूसरी ओर अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते की सभी शर्तों पर सहमति बन गई है। बताया जा रहा है कि इस समझौते का औपचारिक एलान ट्रंप की समयसीमा से एक दिन पहले आठ जुलाई को हो सकता है। इस समझौते के लिए भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक दल वॉशिंगटन में है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ को निलंबित किए जाने की समयसीमा नौ जुलाई को समाप्त हो रही है। इसे लेकर दुनियाभर के देशों की चिंता बढ़ हुई है।

## मप्र के 75 छात्रों के लिए दोबारा होगी नीट-यूजी परीक्षाः कोर्ट

**विजय मत, ब्यूरो इंदौर**

इंदौर के 75 स्टूडेंट के लिए दोबारा नीट यूजी की परीक्षा कराई जाएगी। इंदौर हाईकोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को दोबारा परीक्षा कराने और जल्द रिजल्ट जारी करने के आदेश दिए हैं। याचिकाकर्ता की रैंक केवल उसके फिर से होने वाली परीक्षा में मिले नंबरों के आधार पर ही मानी जाएगी। दरअसल, 4 मई को परीक्षा के दौरान इंदौर और उज्जैन के कई एग्जाम सेंटर की बिजली गुल हो गई थी। छात्रों ने अदालत से कहा था कि बिजली गुल होने से परीक्षा पर असर पड़ा। जिन छात्रों की परीक्षा दोबारा कराई जा रही है, उन्होंने 3 जून से पहले याचिका दाखिल की थी। यह परीक्षा केवल उन 75 छात्रों के लिए आयोजित की जाएगी, जिन्होंने 3 जून के पहले याचिका दायर की थी। पिछली सुनवाई के दौरान, हाईकोर्ट के जज ने कोर्ट रूम बिजली बंद कराकर परीक्षा पेपर पढ़ा था। जज ने ऐसा इसलिए किया ताकि उस वास्तविक स्थिति का अंदाजा लगा सकें, जिसमें छात्रों को परीक्षा देनी पड़ी।



## हैदराबाद में केमिकल फैक्ट्री में भीषण धमाका, 13 की मौत, कई घायल

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद के पटंचेरुवु इलाके में सोमवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक केमिकल फैक्ट्री में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। चश्मदीदों के मुताबिक धमाका इतना भयानक था कि आसपास की इमारतें हिल गई और फैक्ट्री की छत के परखच्चे उड़ गए। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में 13 लोगों की जान जाने की आशंका जताई जा रही है, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। दमकल विभाग, पुलिस, और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंच चुकी हैं और मलबे में फंसे लोगों को निकालने का काम तेजी से किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी।

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलनः वर्ष 2026 के लिए भारत की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी सात जुलाई को रियो डि जनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वर्ष 2026 के लिए भारत की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे। मोदी दो जुलाई से नौ जुलाई तक घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वह घाना, नामीबिया और त्रिनिदाद और टोबैगो की संसद के विदेश सत्रों को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही उन्हें कुछ देशों द्वारा अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भी अलंकृत किये जाने की संभावना है। विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दामू रवि ने कहा, प्रधानमंत्री 2-3 जुलाई को घाना का दौरा करेंगे। यह यात्रा 30 वर्षों के बाद हो रही है। राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने अभी-अभी भारी जीत के बाद पदभार संभाला है। घाना के साथ भारत के संबंध ऐतिहासिक हैं। हमारे संबंधों के कई दशकों के दौरान, यह बहुआयामी रहा है।दोनों देश अपने आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेंगे।



### प्रयागराज की दलित लड़की को आतंकी बनाने की ट्रेनिंग दी

## केरल में ब्रेनवॉश कर नाबालिग का कराया धर्म परिवर्तन, 2 गिरफ्तार

**प्रयागराज, एजेंसी**

यूपी के प्रयागराज की नाबालिग दलित लड़की को केरल में आतंकी बनाने की ट्रेनिंग दी जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने नाबालिग लड़की को अगवा किया। उसे प्रयागराज से केरल ले गए। जबरन धर्म परिवर्तन कराया। फिर उसे जिहाद के नाम से ट्रेनिंग देने लगे। इसी बीच पीड़ित वहां से भागकर केरल के एक रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां रेलवे पुलिस को उसने आपबीती सुनाई। केरल पुलिस ने प्रयागराज पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस नाबालिग को लेकर प्रयागराज आई। पीड़ित की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद कैफ और उसकी साथी एक नाबालिग लड़की को अरेस्ट कर लिया। आरोपियों के गिरोह में कौन-कौन शामिल हैं? यह गिरोह अब तक कितने लोगों को शिकार बना चुका है? इसकी जांच के लिए पुलिस की 3 टीमें बनाई गई हैं। वहीं मामला आतंकी ट्रेनिंग से जुड़ा होने के कारण एटीएस की प्रयागराज यूनिट फूलपुर थाने पहुंची। एटीएस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।




## संविधान के किसी भी शब्द को छुआ गया तो कांग्रेस विरोध करेगीः खरगे

**बंगलूरू, एजेंसी**

आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने बीते दिनों संविधान की प्रस्तावना से समाजिकता और धर्मनिरपेक्षता शब्द को हटाने की बात कही।

होसबाले के इस बयान के बाद देश में सियासी गर्माहट तेज होती दिख रही है। ऐसे में अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर संविधान के किसी भी शब्द को छुआ गया तो कांग्रेस उसकी कड़ी विरोधी होगी और वह अंतिम दम तक लड़ाई करेगी। बंगलूरू में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे होसबाले को मनुस्मृति का समर्थक बताया।

उन्होंने कहा कि वे गरीबों और कमजोर वर्ग को आगे बढ़ने नहीं देना चाहते। वे हजारों साल पुरानी व्यवस्था को बनाए रखना चाहते हैं इसलिए वे समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और संविधान के मुख्य सिद्धांतों को पसंद नहीं करते।



### लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 452 अंक टूटा निफ्टी भी लुढ़का

**मुंबई, एजेंसी।** शेयर बाजार में पिछले चार दिनों की तेजी थम गई। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। मजबूत घरेलू संकेतों के अभाव में निवेशकों ने मुनाफावसूली की। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 452.44 अंक या 0.54 प्रतिशत गिरकर 83,606.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,099.53 के उच्चतम स्तर और 83,482.13 के निम्नतम स्तर के बीच घूमता रहा। वहीं, एनएसई निफ्टी 120.75 अंक या 0.47 प्रतिशत गिरकर 25,517.05 अंक पर बंद हुआ। इसके विपरीत, व्यापक बाजारों ने बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप 100 में 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.52 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



**विजय मत एंकर** | बहुपयोगी और सर्वप्रिय मूंग दाल केवल स्वाद में ही नहीं, औषधीय गुणों में भी समृद्ध

# मूंग दाल : आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर 'दालों का राजा'

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रसोई की बहुपयोगी और सर्वप्रिय मूंग दाल केवल स्वाद में ही नहीं, बल्कि पोषण और औषधीय गुणों में भी समृद्ध है। आयुर्वेद इसे त्रिदोष नाशक और सर्वगुण संपन्न आहार मानता है। यही कारण है कि इसे अक्सर दालों का राजा भी कहा जाता है।

मूंग दाल प्रोटीन, फाइबर, आयरन, कैल्शियम और फोलिक एसिड जैसे पोषक तत्वों का प्रमुख स्रोत है। यह न केवल शरीर को ऊर्जा देती है, बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ करती है। आयुर्वेदाचार्य प्रमोद तिवारी बताते हैं कि मूंग दाल पाचन में हल्की और सुपाच्य होती है, इसलिए यह बच्चों, बुजुर्गों और रोगियों के लिए भी उपयुक्त है। इसके सेवन से गैस, कब्ज और अपच जैसी समस्याओं में राहत मिलती है।



### मधुमेह और हृदय रोग में लाभकारी

मूंग दाल का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे यह मधुमेह रोगियों के लिए आदर्श भोजन बनती है। इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइबर वजन प्रबंधन में मदद करते हैं, क्योंकि इससे लंबे समय तक भूख नहीं लगती। इसके अलावा, मूंग दाल कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड प्रेशर को संतुलित बनाए रखने में भी सहायक है, जिससे हृदय की सेहत बेहतर होती है।

### त्वचा, बाल और हड्डियों के लिए भी लाभदायक

मूंग दाल शरीर को डिटॉक्स करने का कार्य भी करती है। यह रक्त को शुद्ध कर त्वचा में निखार लाती है। इसका फेस पैक त्वचा को चमकदार बनाता है और बालों की मजबूती बढ़ाता है। मूंग में मौजूद कैल्शियम और मैग्नीशियम हड्डियों को मजबूत करते हैं, जबकि फोलिक एसिड गर्भवती महिलाओं और गर्भस्थ शिशु के लिए उपयोगी है। एक शोध के अनुसार, मूंग दाल में मौजूद एंजियोटेंसिन एंजाइम ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करते हैं और फंगल इंफेक्शन से बचाव में मदद करते हैं। इसमें पाया जाने वाला ट्रिप्सिन एंजाइम पाचन क्रिया को सुधारता है।

## न्यूज इन शॉर्ट



### मारपीट में चार लोग घायल

उमरिया। चंदिया थाना अंतर्गत मारपीट की घटना चार लोगो के घायल होने का समाचार प्रकाश में आया है, जिन्हें चंदिया अस्पताल से मारपीट में घायल चार लोग जिला अस्पताल रिफर किया गया। घायलों को 108 के द्वारा जिला अस्पताल लाया गया। घायल प्रमोद तिवारी ने घटना के संबंध में बताया कि जमीनी विवाद के चलते मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। उन्होंने बताया की बारी समाज के 18, लोगों प्रमोद कुमार एवं मेरे भाई मां के साथ मारपीट की। प्रमोद कुमार तिवारी के पैर में कुल्हाड़ी से हमला किया, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई हैं। 40 वर्षीय प्रमोद तिवारी को गंभीर चोट लगने से जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बाकी अन्य का इलाज जारी है मारपीट की घटना चंदिया थाना में एफआई आर दर्ज कर दी गई है। मामले की जांच थाना प्रभारी चंदिया मामले की जांच कर रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

उमरिया। चंदिया थाना के अंतर्गत कुशवाहा ढाबा के पास संदिग्ध परिस्थिति में अनिल पिता रामदास उम्र 31 साल की शव मिला है, जिसकी जानकारी हंड्रेड डायल के द्वारा जिला अस्पताल में दी गई मौके पर एंबुलेंस पहुंची मृतक का शव लाकर जिला अस्पताल की मर्चुरी में रख दिया गया। मृतक के भाई सुनील कुशवाहा और भांजा का कहना है कि जितने सीसी कैमरे घटना स्थल से संबंधित वहां लगे हुए हैं उनके माध्यम से जांच की जाए मेरा भाई 10.30 बजे रात तक घर में था और अचानक किसी का फोन आया और वह चला गया बाद में जिला अस्पताल ओर ओमप्रकाश भांजा भजिया भूड़सा का फोन आया कि मामाजी छोटे मामा अनिल की दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के सिर में हाथ में चोट गंभीर आई हैं चोट होने की वजह से मेरे भाई की घटना स्थल पर मौत हुई। पूरे मामले की जांच पुलिस अधीक्षक एवं कोतवाली थाना टी आई से करने की मेरी मांग की गई है।

### नगर पालिका अंतर्गत हटाये गये अस्थाई अतिक्रमण

उमरिया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति मे लिये गये निर्णय अनुसार नगर के मार्गों में आवागमन प्रभावित करने वाले अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने के निर्देश दिये गये है। नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत ऐसे स्थलों का चयन किया गया है। सड़क यातायात बाधित करने वाले अवैध अतिक्रमणों को हटाए जाने की कार्यवाही सतत रूप से जारी है तथा चयनित स्थल स्टेशन रोड में कतिपय लोगों द्वारा ठेला, गुमटी तथा अस्थाई संरचना लगाकर अतिक्रमण किया गया था। जिसे आवागमन की सुविधा की .ष्टि से हटा दिया गया है। नागरिकों से अपील की गई है कि सार्वजनिक मार्ग अथवा सार्वजनिक स्थल में किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें एवं व्यवसायियों से अपील है कि अपने दुकान की सामग्री दुकान के बाहर रखकर आवागमन को बाधित न करें। दुकान की सामग्री दुकान सीमा के अंदर ही रखें।

### आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के विरोध आदिवासी कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



उमरिया। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय सिंह जी के नेतृत्व में आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश कोल एवं पार्टी पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मध्य प्रदेश में आदिवासी वर्ग पर हो रहे अत्याचार और शोषण के खिलाफ महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सॉटवेयर विज्ञापन आदिवासी वर्ग पर लगातार हो रहे शोषण और अत्याचार से आदिवासी समुदाय एवं परेशान और हैरान हैं मध्य प्रदेश में काबिज भाजपा सरकार में आदिवासी वर्ग पर शोषण और अत्याचार की घटना बढ़ रही है मुख्यमंत्री इन घटनाओं को पर अंकुश लगाने नाकाम साबित हो रहे हैं वन विभाग द्वारा खाले गांव में आदिवासी परिवारों के बरसात के मौसम में घरों को तोड़ कर उन्हें बेघर कर दिया गया सिंगरौली में भी आदिवासियों के मकानों को उजाडा गया मंडला में नक्सलवाद के नाम पर निर्दोष आदिवासियों की हत्या की गई वहीं डिंडोरी जिले के उमरिया गांव में वन विभाग द्वारा आदिवासियों को भूमि से विस्थापित कर अत्याचार किया गया ज्ञापन में प्रदेश के मुख्यमंत्री से आदिवासियों पर हो रहे अन्याय और अत्याचार पर लगाम लगाने की मांग की गई है वहीं दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के ऊपर लगाए गए फर्जी मुकदमे को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है। उक्त अवसर पर अजय सिंह, पूर्व अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा, अमृत लाल यादव, ठाकुर दास सचदेव, राम गोपाल दाहिया, कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### झालखंड मंदिर में विधायक ने की शिव की पूजा अर्चना

उमरिया। जनपद पंचायत करकेली के ग्राम पंचायत कौड़िया 22 स्थित झालखण्ड शिवालय में विधायक बांधवगढ़ शिव नारयण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह, श्री आसुतोष अग्रवाल, श्री मिथिलेश पयासी, सी ई ओ जनपद पंचायत हरनीत कौर कलसी ने विधि विधान के साथ भगवान शिव की पूजा अर्चना की एवं उमरिया जिले की सुख समृद्धि की कामना की।

अभियान पर्यावरण संरक्षण और पारिवारिक मूल्यों को एक साथ जोड़ता है- विधायक

# झालखंड मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम हुआ

## पौधरोपण करने के साथ ही उसकी सुरक्षा का संकल्प लें - कलेक्टर

विजय मत, उमरिया

### एक पेड़ मां के नाम अभियान

विश्व पर्यावरण दिवस से एक पेड़ मां के नाम अभियान 5 जून से प्रारंभ हो गया है।एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्दारा शुरू किया गया एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय प्रयास है। जिससे लोगो को अपनी मां के सम्मान में पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और पारिवारिक मूल्यों को एक साथ जोड़ता है। उक्त आशय के विचार विधायक बांधवगढ़ ने करकेली विकासखंड के ग्राम पंचायत कौड़िया 22 स्थित झालखंड शिवालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होने कहा कि पर्यावरण का अर्थ उस प्रा.तिक परिवेश से है, जिसमें हम रहते हैं। हमारे चारों ओर के सभी जीव और निर्जीव तत्व पर्यावरण का हिस्सा है, जैसे हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे और जीव-जंतु। पर्यावरण संतुलित रहे, इसके लिए हमें पौध रोपण करना होगा। हरे भरे पेड़ों की कटाई बंद करनी होगी। हर कोई अपनी मां के नाम से पौध रोपित करें।इस अभियान ने मां के प्रति अपना स्नेह जताने का सभी को समान अवसर प्रदान किया है। हर जिम्मेदार



नागरिकों को पौधारोपण करना चाहिए। क्योंकि जब यही पौधे बड़े होकर विशाल वृक्ष बनेंगे तो उनसे हमें फल फूल एवं औषधियां प्राप्त होगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि पौधारोपण करने के साथ ही उसकी सुरक्षा का संकल्प लें। जिस प्रकार हम अपने घरों में छोटे बच्चो की देखभाल करते है, ठीक उसी प्रकार हमें पौधारोपण करने के बाद उन्हें समय समय पर पानी देना चाहिए। ताकि वह पौध जीवित रहे। उन्होने कहा कि सभी जन पर्यावरण को संरक्षित करनें का संकल्प लें।

आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपित किए गए पौधो की सुरक्षा भी करें। पेड़ से हमे जहां एक ओर आक्सीजन मिलता है, वहीं दूसरी ओर फल एवं फूल प्राप्त होता है।पेड़ हमारे जीवन के अभिन्न अंग है। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि पौधारोपण करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। वातावरण को संतुलित रखने मे पौधारोपण करना आवश्यक है। इसलिए आवश्यक है कि हर नागरिक को पौधारोपण करना चाहिए। कार्यक्रम में सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी, मिथिलेश प्यासी, राजा तिवारी ,दीपक छतवानी, राजेन्द्र तिवारी, मंदिर के पुजारी रामानंद महाराज , सलैया सरपंच मस्तराम कोल, कौड़िया 22 सरपंच ममता कोल सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह जिला पंचायत सभागार में संपन्न

## मुख्यमंत्री का खंडवा जिले से आयोजित कार्यक्रम का देखा गया लाइव प्रसारण

विजय मत, उमरिया



जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह जिला पंचायत सभागार में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल का संरक्षण हुआ है।आम जनों ने पानी के महत्व को समझते हुए जल की एक एक बूंद को सहेजने का काम किया है।बुजुर्गो, महिलाओ, स्वयंसेवी संस्थाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों ने जल गंगा संवर्धन अभियान में अपनी महती भूमिका निभाई है, जो बधाई के पात्र है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश शासन की मंशा अनुरूप प्रारंभ किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान से नदी, तालाबों, कुओं , बावडियों का स्वरूप बदला है। तालाबों के आस पास श्रमदान करके सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया। छोटी छोटी जल संरचनाओं के जीर्णोध्दार के कार्य किए गए जो जल को बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि उमरिया जिले मे भी 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया गया जिसका समापन 30 जून को हो रहा है। जल ही जीवन है, इसको संरक्षित करने का दायित्व हम सभी का है। अभियान के दौरान जिले भर में जल को संरक्षित करने का कार्य किया गया, जो सराहनीय रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में खंडवा जिले से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला पंचायत सभागार में देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह,डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले,हरनीत कौर कलसी ,सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डा पूजा व्दिवेदी, जिला पंचायत सदस्य सावित्री चौधरी, मीना सिंह, बेला बाई, सावित्री मौजीलाल चौधरी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### उमरिया जिले में प्रतिदिन 510 और सौ दिन में 51 हजार व्यक्तियों की होगी जांच

उमरिया। सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग करने में देश के सभी राज्यों में मध्यप्रदेश का नाम प्रथम स्थान पर है।लेकिन राज्यपाल महोदय का विजन स्पष्ट है कि सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग में संख्यात्मक .ष्टि से प्रथम नहीं बल्कि शत प्रतिशत स्क्रीनिंग करके प्रदेश को सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन प्रदेश बनाना है।राज्यपाल के मार्गदर्शन से उप मुख्यमंत्री द्वारा 19 जून 2025 को विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जनजाति बाहुल्य बड़वानी जिले से 100 दिवसीय सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग एवं जागरुकता अभियान 1 जुलाई से प्रारम्भ करने की घोषणा की गई। जिसकी तैयारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश ने पूरी कर ली है जिसके दिशा निर्देश प्रदेश के उन 33 जिलों जिनमें सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन संचालित है के जिला कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को भेजे गए है। पत्र में 33 जिले और उनमें प्रतिदिन के हिसाब से 100 दिन में सिकल सेल जॉच होने वाले व्यक्तियों का जिलेवार लक्ष्य दिया गया जैसे उमरिया जिले में प्रतिदिन 510 और सौ दिन में 51हजार व्यक्तियों की जांच होनी है।

# मुख्य प्रहरी को दी गई भाव भीनी विदाई

## जिला जेल में पदस्थ थे संतोष टेकाम मुख्य प्रहरी



विजय मत, उमरिया


जिला जेल उमरिया के प्रभारी एवं समस्त स्टाफद्वारा 32 वर्ष 06 दिन की सेवा दे चुके हमारे श्री संतोष टेकाम हेड साहब को भावभीनी विदाई दी गई और एक नए जीवन के प्रारंभ की ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई।

जेलर साहब द्वारा सभी परिवारजनों एवं स्टाफ को संबोधित करते हुए उनके द्वारा की गई निश्छल सेवा और तत्परता को सराहा गया।एवं उनके सर्विस रिकॉर्ड की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम का वो पल बड़ा मनमोहक रहा जब जेलर साहब द्वारा श्री संतोष टेकाम हेड साहब को उठाकर एक नए जीवन जीने के लिए हाथों को पकड़कर बाहर लाते हैं।।सभी परिवार जनों एवं स्टाफके आंखों में आंसू आ जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेलर साहब श्री माखन सिंह मार्को,जेल चिकित्सक शैलेश जैन ,प्रमुख मुख्य प्रहरी श्री शिव शंकर कोल, रमन विश्वकर्मा , रामानुज पटेल , रघुनाथ बैगा , रामविलास बैगा , मत्तू मरावी , हिम्मत सिंह ,संदीप शुक्ला,रवेंद्र राज़( तकनीकी सहायक) ,सुभद्रा चौहान , दुर पाल मरावी , पुष्पा लकड़ा, प्रवीण द्विवेदी , बिकई बैगा एवं कॉलोनी के बच्चे एवं श्री संतोष टेकाम का पूरा परिवार मौजूद रहा।

# विक्रेता को हटाने उपायुक्त के बाद समिति प्रबंधक ने लिखा पत्र

विजय मत, सीधी

जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान मड़िला सलैया का हाल पूरी तरह से बेहाल है। पत्नी सरपंच और पति के कोटेदार होने से खाद्यान्न में भारी गोलमाल किया जा रहा है। लगातार शिकायतों के बाद सहकारिता विभाग सीधी की उपायुक्त द्वारा पत्र क्रमांक 238, दिनांक 25 अप्रैल 2025 के द्वारा प्रशासन/समिति प्रबंधक बहु.कृषि सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोल्हूडीह को निर्देशित किया गया था कि शासकीय उचित मूल्य दुकान मड़िला सलैया के सेल्समैन दयाशंकर तिवारी का स्थानांतरण सहकारिता मंत्री मध्य प्रदेश के पत्र क्रमांक 182, दिनांक 16 फरवरी 2024, कलेक्टर सीधी के पत्र क्रमांक 565, दिनांक 25 अप्रैल 2025 के माध्यम से अन्यत्र किया जाए। उपायुक्त के आदेश पर समिति प्रबंधक द्वारा कार्यालय कलेक्टर (खाद्य) जिला सीधी को पत्र भेजकर कहा गया है




कि शासकीय उचित मूल्य दुकान सलैया मड़िला के विक्रेता दयाशंकर तिवारी को उचित मूल्य दुकान कोटदर खुर्द में बदलने का प्रस्ताव पारित हुआ है। वहीं विक्रेता कोटदर खुर्द को सलैया किया गया है। उपायुक्त सहकारिता के निर्देश परिपालन में विक्रेता मड़िला सलैया एवं कोटदर खुर्द की पीओएस मशीन बदलने की कार्यवाही की जाए। उक्त पत्र भेजने के लंबे समय बाद भी पीओएस मशीन बदलने की कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिसके चलते यहां गरीबों को खाद्यान्न वितरण में मनमानी थम नहीं रही है।

# बिजली की समस्या को लेकर एई ऑफिस में होगा अनिश्चितकालीन धरना

विजय मत, सीधी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामपुर नैकिन एवं चुरहट के संयुक्त तत्वाधान में बिजली विभाग की विभिन्न समस्याओं को लेकर चुरहट एई ऑफिस में अनिश्चितकालीन धरना का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के लिए जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के मुख्य आतिथ्य में धरने की तैयारी बैठक चुरहट में झदवा मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई, जिसमें चुरहट विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आमजनों ने बिजली विभाग की भर्रेशाही के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया और अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर सहमति जताई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने बैठक के बाद जानकारी देते हुए कहा कि संपूर्ण जिले के साथ चुरहट विधानसभा में भी बिजली विभाग की भर्रेशाही और भ्रष्टाचार अपने चरम पर है घंटो अघोषित कटौती की जा



रही है उन्होंने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा कि चुरहट ए ई अच्छेलाल तिवारी को चुरहट से हटाने, खराब ट्रांसफार्मर बदले जाने, जली केबिल सही करने अघोषित बिजली कटौती बंद करने सहित बिजली विभाग के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को लेकर ये धरना प्रदर्शन जब तक समस्याओं का निराकरण नहीं हो जाता तब तक किया जाएगा। चुरहट क्षेत्र के जनता की आवाज भाजपा की सरकार को सुनाई नहीं पड़ रही है इसलिए अब आंदोलन ही आखिरी रास्ता है जनता की समस्याओं के निराकरण होने तक यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। तैयारी बैठक में प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि भारत सिंह, जिला महामंत्री एवं विधायक प्रतिनिधि ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रामपुर नैकिन के अध्यक्ष प्रदीप द्विवेदी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चुरहट के कार्यकारी अध्यक्ष बैजनाथ सिंह, मंडलम अध्यक्ष चंद्रमणि पाण्डेय, रामपाल सिंह, रमाकांत पाण्डेय, कुंजेश्वर सिंह, शिवमंगल सिंह, गंगा पटेल, अजय भारती, मुनि प्रसाद मिश्रा, संतोष सिंह, मोतीलाल कोल, शिवनाथ साकेत, भैया सोनी, कमलेंद्र सिंह, गिरीश पाण्डेय, मोहम्मद साबिर, जीतेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, राजेश पटेल, जानू सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

कार्यवाही

विभाग के आला अधिकारियों को गुमराह कर निजी हांथों में सौंपी जा रही थी वन भूमि

# अंतत:प्रायवेट सर्वेयर को वन विभाग ने दिखाया बाहर का रास्ता

विजय मत, सीधी

वन भूमि का सीमाकंन करने की आड़ में प्रायवेट सर्वेयर द्वारा निजी हांथों में वन भूमि सौंपने की लगातार शिकायतों के पश्चात अंतत- वन विभाग सीधी से प्रायवेट सर्वेयर को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। बता दें कि विभाग के आला अधिकारियों को गुमराह कर प्रायवेट सर्वेयर रामसिया तिवारी उर्फ शिव तिवारी द्वारा निजी हांथों में वन भूमि सौंपने का लंबा खेल सालों से चलाया जा रहा था। जिसकी जानकारी मिलने पर जिले की मीडिया ने इसे प्रमुखता से उजागर किया, फलस्वरूप डीएफओ ने विभाग में दलाली करने वाले प्राइवेट सर्वेयर रामसिया तिवारी उर्फ शिव तिवारी को जहां कार्यालय में प्रवेश करने पर रोक लगा दी है वहीं इनके दिखने वाले विभागीय आला अधिकारियों को भी




फटकार लगाई है। उल्लेखनीय हैं कि सीमांकन के नाम पर खिसकती वन भूमि को की जानकारी मिलने पर इस मामले में वन समिति जिला पंचायत सभापति कृष्णलाल पयासी ने इसकी जांच करा कर दोषी वन अमले पर कार्यवाही की मांग की उठाई है। लगातार वन भूमि प्रायवेट सर्वेयर के मनमानीपूर्ण कार्यों के चलते सिमट रही थी। जिसको लेकर शिकायतों का दौर भी जारी था। लगातार शिकायतें सामने आने पर आखिर वन मंडलाधिकारी सीधी द्वारा प्रायवेट सर्वेयर को हटाने के लिए सख्ती के साथ निर्देश दिए गए। जिस पर अमल होने से विभाग के कुछ अधिकारियों में मायूशी भी देखी जा रही है। अब यह मांग हो रही है कि प्रायवेट सर्वेयर द्वारा सर्वे के नाम पर जहां निजी हांथों में वन भूमि को सौंपी गई है उसका फिर से निरीक्षण कराकर वन भूमि में शामिल किया जाए। वन भूमि के आसपास मनमानी रूप से खदानों का संचालन करने वाले लोगों को सबसे ज्यादा उपकृत करने की खबरें सामने आ रही हैं।

### अब वन समिति सभापति भी आए आगे

वन मंडल सीधी के सीमांकन में लगे प्रायवेट सर्वेयर रामसिया तिवारी के मनमानी सर्वे करने और निजी हांथों में वन भूमियों को सौंपे जाने के मामले में जिला पंचायत सीधी के वन समिति सभापति जिला पंचायत कृष्णलाल पयासी ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। श्री पयासी ने कहा कि विगत 10 वर्षों में वन विभाग द्वारा कराए गए सीमांकन कार्य की जानकारी आगामी बैठक में ली जाएगी। साथ ही इसमें दोषी वन अमले के खिलाफ कार्यवाही के लिए डीएफओ से मांग की जाएगी।

### 10 वर्षों का दस्तावेज उगलेगा राज

वन मंडल सीधी में विगत 10 वर्षों में कराए गए वन भूमि सर्वे के दस्तावेजों एवं मौके पर स्थिति की जांच की जाए तो मालूम पड़ेगा कि हजारों हेक्टेयर वन भूमि मनमानी तरीके से निजी हांथों में सौंपी जा चुकी है। इसके लिए मांग की जा रही है कि वन मंडल सीधी के वन मंडलाधिकारी द्वारा वन भूमियों के सीमांकन से जुड़े 10 वर्षों के दस्तावेजों की सक्षम अधिकारियों की टीम बनाकर जांच कराई जाए। सीमांकन कार्यों का सत्यापन मौके पर भी कराया जाए तो भारी घोटाला सामने आएगा।

## न्यूज इन शॉर्ट

### राष्ट्र-गीत एवं राष्ट्र-गान 1 जुलाई को मंत्रालय के पटेल पार्क में होगा

**भोपाल।** मंत्रालय के समक्ष स्थित वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत "वन्दे-मातरम" एवं राष्ट्र-गान "जन गण मन" का गायन 1 जुलाई को प्रातः 10:15 बजे किया जाएगा। वर्षा होने की स्थिति में उक्त गायन मंत्रालय क्रमांक-1 के कक्ष क्रमांक 506 में होगा। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्र-गीत एवं राष्ट्र-गान का आयोजन पटेल पार्क में किया जाता है।

### उच्च शिक्षा सुधार की दिशा में ऐतिहासिक पहल, उच्च शिक्षा विभाग ने किया 'एपेक्स एडवाइजरी कमेटी' का गठन

**भोपाल।** उच्च शिक्षा प्रणाली को राष्ट्रीय और वैश्विक मानकों पर पुनर्गठित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा अनुसार 'सर्वोच्च परामर्शदायी समिति' (Ape& Advisory Committee) के गठन के आदेश जारी किए गए हैं। यह समिति उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्य करेगी, यह पहल 'कर्मयोगी बनें' कार्यक्रम की अनुक्रमिक कड़ी है। समिति के अध्यक्ष उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार और सदस्य सचिव; अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन नामित किए गए हैं। समिति में डॉ. के. राधाकृष्णन चेयरमेन, बोर्ड ऑफ गवर्नेंस, आईआईटी कानपुर, प्रो. अनिल सहस्रबुद्धे चेयरमेन, ह्रष्ट बेंगलुरु, प्रो. संतिधूलिपुडी पंडित कुलपति, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, प्रो. आर. बालासुब्रमण्यम सदस्य (॥ऱ), कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन, मिशन कर्मयोगी, भारत सरकार, प्रो. भरत भास्कर, निदेशक, आईआईएम अहमदाबाद, प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, यूजीसी, भारत सरकार, डॉ. विक्रांत सिंह तोमर वैश्विक शिक्षाविद व ग्लोबल कन्वीनर यूनाइटेड कांशसनेस, प्रो. गोविंदन रंगराजन निदेशक, आईआईएससी, बेंगलुरु सदस्य नामित किए गए हैं एवं अपर मुख्य सचिव राजभवन के.सी. गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव विशेष आमंत्रित सदस्य नामित हैं।

### जहरीले यूका कचरे का मिट गया नामोनिशान, चार माह में 337 टन कचरा जलाया

**इंदौर।** भोपाल से लाए गए यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का इंदौर के समीप पीथमपुर में निपटान हो गया है। करीब चार माह में 337 टन कचरे को भस्मक में जलाया जा चुका है। अब जो राख बची है, उसे भी वैज्ञानिक विधि से दफनाया जाएगा। कचरे को जलाने के दौरान किसी भी तरह की हानिकारक गैसें तय मानकों से ज्यादा मात्रा में वातावरण में नहीं फैलीं। अब प्रदूषण विभाग इसकी रिपोर्ट हाईकोर्ट में प्रस्तुत करेगा। जहरीले कचरे को चूने के साथ जलाया गया। 337 टन कचरा जलाने के बाद 750 टन राख बची है। इसे विशेष बैग में भरा गया है। उसे लीक प्रफू स्टोरेज शेड में रखा गया है। उसके लिए जमीन से डेढ़ मीटर ऊंचाई पर एक प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। अभी बारिश का समय है। राख को चार माह बाद लैंडफील किया जाएगा। लैंडफील भी कंपनी परिसर में ही बनाया गया है। इस प्लांट में 10 साल पहले भी 10 टन कचरे को लैंडफील किया जा चुका है। उसके कारण तारापुर गांव के नाले और कुएं का पानी काला पड़ गया था। भोपाल से पीथमपुर तक इसी साल 2 जनवरी को 12 कंटेनरों में भरकर यह कचरा लाया गया था। 3 जनवरी को पीथमपुर में इसका भारी विरोध हुआ था। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने पहले 30 टन कचरा जलाने का ट्रायल रन करने को कहा था। 30 टन कचरा जलाने के बाद रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। इसके बाद 5 मई से बचा 307 टन कचरा जलाने का काम शुरू किया गया। इसके लिए कोर्ट ने 70 दिन का समय दिया था, लेकिन 55 दिन में ही कंपनी ने जहरीले कचरे का नामो-निशान मिटा दिया। रामकी कंपनी को भोपाल की भयंकर गैस त्रासदी की जिम्मेदार यूनियन काबाईड के इस जहरीले कचरा के निपटान के लिए केंद्र सरकार ने 126 करोड़ रुपये दिए हैं।

### एम्स भोपाल की टीम ने सांची में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**भोपाल।** नवाचार, जनसेवा एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के संकल्प के साथ एम्स भोपाल निरंतर अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है। इसी क्रम में, संस्थान के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के सक्षम मार्गदर्शन में आज सांची सिविल अस्पताल (जिला रायसेन) में एक दिवसीय आउटरीच मेडिकल कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 30 से अधिक मरीजों की जाँच एवं उपचार किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से एएनसी (गर्भवती महिलाओं की जांच), सिरदर्द, कमर दर्द (LBA), ऑस्टियोआर्थराइटिस (OA), बुखार, तीव्र श्वसन संक्रमण (ARI) जैसी बीमारियों की पहचान की गई, और मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। गंभीर रोगियों को आवश्यकतानुसार एम्स भोपाल में आगे के इलाज हेतु रेफर किया गया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ की बैठक को वर्चुअली किया संबोधित

# अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मप्र की भागीदारी और उपलब्धियां बढ़ाना राज्य सरकार का लक्ष्यः मोहन

- खिलाड़ियों को आवश्यक प्रशिक्षण सहित सभी प्रोत्साहन उपलब्ध हैं

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश की भागीदारी और उपलब्धियां बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग दे रही है। वर्ष 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक सहित सभी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और बड़ी संख्या में पदक लाएं, इस लक्ष्य के साथ प्रदेश में खेल गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। राज्य सरकार प्रदेश में खेल अधोसंरचना विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है, खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण के साथ-साथ अन्य सहायता व प्रोत्साहन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। राज्य शासन मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ को हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने के



लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ की जबलपुर में आयोजित वार्षिक बैठक को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय वर्चुअली शामिल हुए। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा तथा अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवक कल्याण मनु श्रीवास्तव इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ वर्ष 1952 से अर्थात् 73 साल से खेल के क्षेत्र में लगातार कार्यरत है। मध्यप्रदेश का 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा और प्रदेश ने पहली बार तीसरा स्थान प्राप्त किया। मध्यप्रदेश में खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश में 22 से ज्यादा हॉकी के एस्ट्रोटर्फ हैं और 15 एथलेटिक ट्रैक हैं, जो कि देश में किसी भी प्रदेश में नहीं है। मध्यप्रदेश में 18 एक्सीलेंस एकेडमी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओलंपिक संघ के सभी पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। जबलपुर में हुई बैठक में मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश में 15 दिन में 10 प्रतिशत बारिश को कोटा पूरा, सामान्य से 2 इंच ज्यादा हुई बारिश

**विजय मत, भोपाल**

मध्य प्रदेश में 16 जून को मानसून ने एंट्री ली थी जिसके बाद से लगातार कई क्षेत्रों तेज बारिश का दौर चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अब तक औसतन 6.8 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 2 इंच ज्यादा है।

एमपी में सीजन में सामान्य रूप से 37.36 इंच बारिश होती है। अब तक 6.8 इंच बारिश हो चुकी है, जो सीजन का 10 प्रतिशत है। हालांकि राजधानी भोपाल समेत कई जिले अभी सामान्य से कम वर्षा हुई है। भोपाल- जिले में अब तक पौने चार इंच बारिश दर्ज हुई है, जो अब तक की बारिश से 12 फीसदी कम है।

### भोपाल में अभी कम वर्षा



श्योपुर, मुरैना, शिवपुरी और अशोकनगर के अलावा निवाड़ी जिले में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। जबकि शाजापुर, बालाघाट, नरसिंहपुर, बैतूल और बुरहानपुर में कम बारिश दर्ज हुई है।

### डैमों की स्थिति अभी सामान्य

अब तक हुई बारिश की वजह से कई डैमों में पानी आने लगा है। भोपाल के बड़ा तालाब, केरवा-कलियासोत डैम में भी पानी आया है। हालांकि, इसकी मात्रा कम है, क्योंकि अभी स्टॉप डैम समेत पोखर भर रहे हैं। यही हाल बाकी डैम का है। हालांकि, पिछले साल जुलाई में ही कई डैम के सभी गेट खुल गए थे।

### इसलिए लगातार हो रही बारिश

मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि गुजरात के सौराष्ट्र-कच्छ में एक लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र) एक्टिव हो गया है। जिसका असर अगले 1-2 दिन में एमपी में भी देखने को मिलेगा। वहीं, प्रदेश में अभी टर्फ की एक्टिविटी बनी हुई है। यह टर्फ जिन हिस्सों से गुजर रही है, वहां भारी बारिश का अलर्ट है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम भी सक्रिय है। इन सभी वजहों से मध्यप्रदेश तरबतर हो रहा है।

### कहां कितनी हुई अभी तक बारिश

मौसम विभाग द्वारा जारी आकड़े के अनुसार मध्य प्रदेश के शिवपुरी, श्योपुर, झाबुआ, गुना, अशोकनगर, आलीराजपुर, मंडला, निवाड़ी, टीकमगढ़। इनमें आलीराजपुर में सबसे ज्यादा 14 इंच बारिश हो चुकी है। जबकि सीहोर, राजगढ़, रायसेन, धार, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, डिंडौरी, ग्वालियर, सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच, मुरैना, रीवा, सिंगरौली, सीधी, सतना, हरदा, शहडोल और उमरिया। में 5- से 10 इंच की बीच बारिश हुई है। सबसे कम बारिश वाले जिलों में भोपाल, विदिशा, इंदौर, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, बालाघाट, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा, भिंड शामिल हैं। यहा अभी 5 इंज से कम बारिश हुई है।

## पशुपतिनाथ नेपाली समाज की वार्षिक साधारण सभा की बैठक सम्पन्न



- बैठक में वार्षिक लेखा एवं वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन सर्वसम्मति से पारित

**विजय मत, भोपाल**

पशुपतिनाथ नेपाली समाज गोविन्दपुरा भोपाल का 47 वॉं वार्षिक साधारण सभा आज पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर गोविन्दपुरा में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के वार्षिक लेखा एवं वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन पेश किया गया तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक की अध्यक्षता नेपाली समाज के अध्यक्ष लोकमणी घिमिरे ने किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सुरेश पाण्डे ने किया। बैठक में सभी वार्ड अध्यक्षों व सदस्यों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याओं से समाज को अवगत कराया।

समाज के अध्यक्ष लोकमणी घिमिरे ने साधारण सभा बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज की बैठक ऐतिहासिक है। समाज में हमारे कार्या को सभी सदस्यों द्वारा मुक्तकण्ठ से सराया गया है, यह हमारी उपलब्धी है। उन्होंने समाज के विस्तार के लिए सुझाव देते हुए कहा कि समाज को और ताकतवर बनाने के लिए हमें हर नेपाली बंधु तक पहुचंना होगा। हमें प्रवास पर रह रहे युवाओं का आवाज बनाना है। घिमिरे ने कहा कि युवा और महिला प्रत्येक समाज की रीढ़ होते है। इनका योगदान मंदिर के कार्यक्रम में और बढ़ाने की जरूरत है। लोकमणी घिमिरे ने कहा कि समाज से जुडे सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण अपने कर्तव्यों को जिम्मेदारी से निभाने जिससे समाजिक एकता को मजबूत बनाया जा सके।

मंच पर समाज के पदाधिकारियों को नेपाली टोपी व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के पूर्व अध्यक्ष दीवाकर आर्यल, विष्णु शर्मा, जगन्नाथ पौडेल, घनश्याम बालवासे, लोकनाथ तिमिलसेना सहित समाज के पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, प्रबंधन कमिटी, विभिन्न प्रकोष्ट के पदाधिकारी, महिला समिति के पदाधिकारी एवं आजीवन एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

## प्रमुख अभियंता की तथ्यात्मक रिपोर्ट में शिकायत पाई गई निराधार

### मंत्री उइके पर लगाए गए आरोप मनगढ़ंत और तथ्यहीन

**विजय मत, भोपाल**

प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री संजय कुमार अंधवान ने जल जीवन मिशन के संबंध में प्राप्त शिकायत का परीक्षण कर बताया कि शिकायतकर्ता श्री किशोर समरीते द्वारा लगाए गए सभी आरोप तथ्यहीन, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण हैं। शिकायत में कोई भी साक्ष्य संलग्न नहीं किए गए थे, बल्कि सूचना के अधिकार के तहत विभागीय अधिकारी द्वारा पूर्व में भेजे गए पत्र को ही आधार बनाया गया।

प्रमुख अभियंता ने स्पष्ट किया कि बालाघाट खंड के कार्यपालन यंत्री द्वारा स्वयं शिकायतकर्ता को यह जानकारी दी गई थी कि जल जीवन मिशन अंतर्गत किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं हुई है। इसके बावजूद उन्हीं जानकारियों को तोड़-मरोड़कर सार्वजनिक शिकायत के रूप में प्रस्तुत किया गया जिसमें कोई नया तथ्य या प्रमाण नहीं है।

प्रमुख अभियंता कार्यालय ने स्पष्ट किया कि जल जीवन मिशन की योजनाओं का क्रियान्वयन फील्ड स्तर पर किया जाता है तथा भुगतान भी स्थानीय खंड कार्यालय द्वारा माप पुस्तिका के सत्यापन के उपरांत होता है। ऐसे में प्रमुख अभियंता या उनके कार्यालय के कर्मचारी पर आरोप लगाना निरर्थक है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके पर भी जो आरोप लगाए गए हैं वे पूर्णतः असंगत हैं। मुख्य अभियंता (मैकेनिकल संकाय) द्वारा कोई निविदा जारी नहीं की जाती, अतः उन पर लगाए गए किसी भी प्रकार के आरोप तथ्यों से परे हैं। प्रमुख अभियंता ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत अब तक मध्यप्रदेश के 70 प्रतिशत से अधिक परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया जा चुका है और शेष कार्य प्रगति पर हैं।

## डेंगू निरोधक माह के लिए बनाई कार्ययोजना - लगातार जारी है जन-जागरूकता गतिविधियां एवं लार्वा सर्वे



**भोपाल।** वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत डेंगू नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा भोपाल जिले में जागरूकता गतिविधियाँ एवं लार्वा सर्वे के लिए टीमों के साथ मिलकर कार्ययोजना बनाई गई है, जिससे आगामी माह में डेंगू नियंत्रण के लिए जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा के निर्देशन एवं जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता गतिविधियाँ लगातार आयोजित कि जा रही है। जिला मलेरिया कार्यालय टीम, नगर निगम एवं एम्बेड टीम लगातार विद्यालयों में, सामुदायिक स्थानों पर जागरूकता, पोषण एवं स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर गर्भवती महिलाओं के साथ जागरूकता इत्यादि गतिविधियाँ जारी है।

## जिला पंचायत में हुई स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास स्थायी समिति की बैठक



**विजय मत, भोपाल**

स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास स्थायी समिति की बैठक का आयोजन सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष भोपाल में किया गया। जिसमें माननीय समिति सदस्यों सहित स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। बैठक में समिति सदस्यों को आयुष्मान भारत निरामयम, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति से अवगत कराया गया। समिति सदस्यों द्वारा स्वास्थ्य विभाग के निर्माणाधीन भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत, मध्याह्न भोजन, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी ली गई। समिति के पदेन सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने टीबी मुक्त भारत अभियान, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, मातृ स्वास्थ्य, मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना, जननी सुरक्षा योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, कुष्ठ कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने समिति सदस्यों से आग्रह किया कि वे आमजन को इन योजनाओं के अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित करें।

**विजय मत एंकर**

### मध्यप्रदेश में गाइड्स के प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

# पर्यटकों के लिए मॉन्यूमेंट गुरु है 'गाइड' : प्रमुख सचिव शुक्ला

**विजय मत, भोपाल**

प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा है कि पर्यटन स्थलों पर गाइड पर्यटकों के %मॉन्यूमेंट गुरु% होते हैं। पर्यटन स्थल के बारे में जितनी जानकारी गाइड देते हैं उतना ही पर्यटक जान पाते हैं। इसलिए गाइड द्वारा किया पर्यटकों को प्रामाणिक और शोध की गई जानकारी दी जानी आवश्यक है। प्रमुख सचिव शुक्ला आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में गाइड उन्मुखीकरण और कौशल विकास कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। प्रमुख सचिव शुक्ला ने गाइड्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि टूरिस्ट गाइड रेटिंग सिस्टम (ऋद्धञ्रस्) के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले गाइड को आगामी वर्ष से पुरस्कार स्वरूप क्रमशः 2 लाख रुपये, 1 लाख रुपये एवं 50 हजार



रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी।

प्रमुख सचिव शुक्ला ने कहा कि पर्यटकों की सुविधा के लिए गाइड विभिन्न भाषाओं का ज्ञान प्राप्त करें और मधुर व्यवहार रखें। प्रेरक के रूप में कार्य करते हुए पर्यटकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित भी करें। पर्यटन स्थल की जानकारी के साथ प्रदेश की उपलब्धियों और विशेषताओं की जानकारी दें। आसपास के पर्यटन स्थलों से पर्यटकों को अवगत कराएं। इससे मध्यप्रदेश के प्रति पर्यटकों में रुचि बढ़ेगी और वह फिर से पर्यटन के लिए मध्यप्रदेश आयेंगे। सभी गाइड किसी भी पर्यटक के लिए केयर टेकर की भूमिका निभाएं, इससे निश्चित ही पर्यटक सुखद और अविस्मरणीय अनुभव अपने साथ ले जाएंगे। प्रमुख सचिव शुक्ला ने बताया कि आगामी समय में गाइड की संख्या में वृद्धि किए जाने के साथ गाइड को दी जाने वाली सुविधाओं में वृद्धि की जायेगी। साथ ही उनके कौशल को निखारने के लिए तकनीक आधारित वर्कशॉप और ऑनलाइन सेशन लिए जायेगे।

अपर प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड सुबिदिशा मुखर्जी ने कहा कि गाइड्स, पर्यटन विभाग और पर्यटकों के बीच ब्रिज के रूप में कार्य करते हैं। वे ही प्रदेश और देश के गौरवशाली इतिहास को पर्यटकों से साझा करते हैं। उनकी कुशलता से ही आगंतुकों को हमारी समृद्ध परंपराओं और संस्कृति का ज्ञान होता है। मध्यप्रदेश में वर्तमान में 72 गाइड अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जल्द ही 313 पदों पर गाइड की भर्ती शुरू की जाएगी। सुमुखर्जी ने कहा कि गाइड्स की दक्षता को बढ़ाने के लिए आगे भी कार्यशालाएं आयोजित जाएगी। गाइड्स को अलग-अलग भाषाओं के ज्ञान के साथ ही तकनीकी रूप से दक्ष बनाने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा हैं।

### समृद्ध भारत की शिक्षित पहचान, कौशल विकासः टेटवाल

**भोपाल।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने उज्जैन स्थित शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सीमेंस कम्पनी के सीएसआर फण्ड से निर्मित अत्याधुनिक लैब का उद्घाटन किया। इस दौरान जॉइंट डारेक्टर सुनील कुमार ललावत, आईएमसी चेयरमैन राजेश गर्ग, विधायक अनिल जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंत्री टेटवाल ने कहा कि मे विद्यार्थी जीवन मैं आईटीआई करके भविष्य निर्माण के बारे में सोचता था, आज सभी के बीच आकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मेरी पहचान आईटीआई से है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मंत्री टेटवाल ने कहा कि आईटीआई के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सभी अत्याधुनिक ट्रेड के प्रशिक्षण दिए जाएंगे।

# कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस मुख्यालय में सौंपा ज्ञापन

**विजय मत, भोपाल**

राज्य में बढ़ती प्रशासनिक मनमानी, जनविरोधी कार्रवाइयों और कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति को लेकर आज मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस मुख्यालय पहुँचकर एडीजी इंटेलिजेंस को ज्ञापन सौंपा।

**प्रतिनिधिमंडल में शामिल वरिष्ठ नेता**-पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा,मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक,पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एन.पी. प्रजापति,वरिष्ठ कांग्रेस नेता जे.पी. धनोपिया,प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण धौलपुरे,कुंदन पंजाबी, राहुल राज एवं सागर ग्रामीण जिला अध्यक्ष आनंद अहिरवार अन्य वरिष्ठ नेता।

### ज्ञापन में उठाए गए प्रमुख मुद्दे

**थाना मुंगावली, जिला**



**अशोकनगर**-प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध दर्ज झूठी एफआईआर क्रमांक 0233/27.06.2025 को राजनीतिक द्वेष प्रेरित बताते हुए उसे निरस्त करने की मांग।

**थाना रहली, जिला सागर**-पुलिस अधिकारियों द्वारा मृतक ओमकार अहिरवार के परिजनों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने और गलत तरीके से एफआईआर दर्ज करने की शिकायत।

**थाना नौगांव, जिला छतरपुर**-एफआईआर क्रमांक 0397 दिनांक 17.06.2025 को राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित बताते हुए तत्काल रद्द करने की मांग।

**कांग्रेस की चेतावनी**-ज्ञापन में कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने समय रहते आवश्यक कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस पार्टी प्रदेशव्यापी जन आंदोलन चलाने के लिए बाध्य होगी।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# चीन नहीं देश सर्वोपरि है भारत माता में हूँ नतमस्तक

शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक चीन के चिंगदाओ में 25-26 जून को आयोजित की गई थी।बैठक के दौरान एससीओ के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकरोधी प्रयासों और रक्षा मंत्रालयों के बीच बढ़ते सहयोग जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।बैठक में उच्चस्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। उन्होंने बैठक से अलग चीन और रूस के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक की।रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सीमापार आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के लिये वित्त पोषण किसी भी कीमत पर बंद होना चाहिए।उन्होंने आतंकवाद, कट्टरता और चरमपंथ के विरूद्ध एकीकृत वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया।इस बैठक में भारत के कुछ मुद्दों पर आम सहमति नहीं बन पाने के कारण साझा दस्तावेज को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका।अतः वहाँ सब पाकिस्तान के मित्र देश थे जिससे सहमति नहीँ बनी चीन भारत का दोस्त नहीँ दुश्मन है क्योंकि वह ऑपरेशन सिंदूर मेँ खुल कर पाकिस्तान क़ो घातक हथियार दिए और उस वजह से भारत क़ो नुकसान भी हुआ  उन भारतीय सैनिक के दिल से पूछिए की पाकिस्तान अभी भी कश्मीर मेँ आतंकवादी क़ो भेज रहा है और इन आतंकवादी क़ो चीन हीं हथियार भी दे रहा है इसलिए भारत क़ो वहीँ जाना चाहिए जहाँ चीन और पाकिस्तान ना हो ये दोनों एक हीं सिक्के के दो पहलू हैं अब हस्ताक्षर ना करना भी इस बात क़ो दर्शाता है कि आपकी नहीँ सुनी गई भारत एक लोकतान्त्रिक देश है और 140 करोड़ देशवासियों का देश है और भारत किसी का गुलाम नही है कि वो सिखायेगा कि भारत क़ो क्या करना है भारत के सैनिको मेँ जबरदस्त जोश है और किसी भी स्थिति से लड़ने क़ो तैयार है और टेक्नोलॉजी में भी किसी देश से कम नहीं है ये जो अमेरिका का बी -2 बमर है उसका डिज़ाइन भी भारतीय ने किया है ये अलग बात है टेक्नोलॉजी दूसरे देश क़ो देने के कारण उन्हें जेल में डाल दिया गया।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# भारत की आर्थिक प्रगति में अब तो ईश्वर भी सहयोग कर रहा है

**प्रहलाद सबनानी**

कुछ दिनों पूर्व भारत में दो विशेष घटनाएं हुईं, परंतु देश के मीडिया में उनका पर्याप्त वर्णन होता हुआ दिखाई नहीं दिया है। प्रथम, भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के क्षेत्र में कच्चे तेल के अपार भंडार होने का पता लगा है, कहा जा रहा है कि कच्चे तेल का यह भंडार इतनी भारी मात्रा में है कि भारत, कच्चे तेल सम्बंधी, न केवल अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर पाएगा बल्कि कच्चे तेल का निर्यात करने की स्थिति में भी आ जाएगा। यदि भारत को कच्चे तेल की उपलब्धि पर्याप्त मात्रा में हो जाती है तो इसका प्रसंस्करण कर, डीजल एवं पेट्रोल के रूप में, पूरी दुनिया की खपत को पूरा करने की क्षमता को भी भारत विकसित कर सकता है। भारत में विश्व की सबसे बड़ी रिफाइनरी गुजरात के जामनगर में पूर्व में ही स्थापित है। अतः कच्चे तेल के साथ साथ डीजल एवं पेट्रोल का भी भारत सबसे बड़ा निर्यातक देश बन सकता है। जैसा कि दावा किया जा रहा है, यदि यह दावा सच्चाई के धरातल पर खरा उतरता है तो आगे आने वाले समय में भारत का विश्व में पुनः ÷सोने की चिड़िया÷ बनना लगभग तय है। भारत आज पूरे विश्व में कच्चे तेल का चीन एवं अमेरिका के बाद सबसे बड़ा आयातक देश है और विदेशी व्यापार के अंतर्गत भी कच्चे तेल के आयात पर ही सबसे अधिक विदेशी मुद्रा खर्च हो रही है। कच्चे तेल का उत्पादन यदि भारत में ही होने लगता है तो न केवल इसके आयात पर होने वाले भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा के खर्च को बचाया जा सकेगा बल्कि पेट्रोल एवं डीजल के निर्यात से विदेशी मुद्रा का भारी मात्रा में अर्जन भी किया जा सकेगा। जिसके कारण, भारत में विदेशी मुद्रा के भंडार में अतुलनीय बचत एवं संचय होता हुआ दिखाई देगा और इस प्रकार भारत विश्व में विदेशी मुद्रा का सबसे बड़ा संचयक देश बन सकता है।  एक अनुमान के अनुसार यह भंडार 12 अरब बैरल (2 लाख करोड़ लीटर) का हो सकता है जो हाल ही में गुयाना में मिले कच्चे तेल के भंडार जितना ही बड़ा है। गुयाना में 11.6 अरब बैरल कच्चे तेल एवं गैस के भंडार पाए गए है। इस भंडार के बाद गुयाना कच्चे तेल के उत्पादन के मामले में विश्व में शीर्ष स्थान पर पहुंच सकता है जबकि अभी गुयाना का विश्व में 17वां स्थान है।



वर्ष 1947 में प्राप्त हुई राजनैतिक स्वतंत्रता के बाद के लगभग 70 वर्षों तक भारत की समुद्री सीमा की  क्षमता का उपयोग करने का गम्भीर प्रयास किया ही नहीं गया था। हाल ही में भारत सरकार द्वारा इस संदर्भ में किए गए प्रयास सफल होते हुए दिखाई दे रहे हैं। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के समुद्री क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस के भारी मात्रा में जो भंडार मिले हैं उनका अन्वेषण का कार्य समाप्त हो चुका है एवं अब ड्रिलिंग का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। ड्रिलिंग का कार्य समाप्त होने के बाद कच्चे तेल एवं गैस के भंडारण का सही आंकलन पूर्ण कर लिया जाएगा। अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में आधारभूत संरचना का विकास भी बहुत तेज गति से किया जा रहा है। इंडोनेशिया के सुमात्रा क्षेत्र के समुद्रीय इलाकों से भी भारी मात्रा में कच्चा तेल निकाला जा रहा है तथा भारत का अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह भी इंडोनेशिया से कुछ ही दूरी पर स्थित है। इसके कारण यह आंकलन किया जा रहा है कि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के समुद्रीय क्षेत्र में भी कच्चे तेल एवं गैस के अपार भंडार मौजूद हो सकते है। हर्ष का विषय यह भी है कि इस क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस के साथ साथ अन्य दुर्लभ भौतिक खनिज पदार्थों (रेयर अर्थ मिनरल/मेटल) के भारी मात्रा में मिलने की सम्भावना भी व्यक्त की जा रही है। भारी मात्रा में मिलने जा रहे कच्चे तेल के चलते भारत अपनी परिष्करण क्षमता को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। चूंकि चीन ने कुछ दुर्लभ भौतिक खनिज पदार्थों का भारत को निर्यात करना बंद कर दिया है अतः भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में इन पदार्थों का मिलना भारत के लिए बहुत बड़ी खुशखबर है। पूर्व में भी भारत में कच्चे तेल एवं गैस के भंडार का पता चला था, जैसे बॉम्बे हाई, काकीनाड़ा, बलिया एवं समस्तिपुर, आदि। इन समस्त स्थानों पर कच्चे तेल को निकालने के संबंच में आवश्यक कार्य प्रारम्भ हो चुका है। दरअसल, इस कार्य में पूंजीगत खर्च बहुत अधिक मात्रा में होता है। जापान, रूस एवं अमेरिका से तकनीकी सहायता प्राप्त करने के लिए इन देशों की बड़ी कम्पनियों के साथ करार करने के प्रयास भी भारत सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। भारत का समुद्रीय क्षेत्र 5 लाख किलोमीटर का है। इसी प्रकार, पश्चिम बंगाल के समुद्रीय इलाके में भी खोज जारी है एवं इस क्षेत्र में भी कच्चे तेल एवं गैस के भंडार मिलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अंडमान एवं निकोबार क्षेत्र में कच्चे तेल का उत्पादन प्रारम्भ होने के पश्चात आगामी लगभग 70 वर्षों तक भारत को कच्चे तेल के आयात की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

द्वितीय शुभ समाचार यह प्राप्त हुआ है कि भारत के कर्नाटक राज्य में कोलार क्षेत्र में स्थित अपनी सोने की खदानों में भारत एक बार पुनः खनन की प्रक्रिया को प्रारम्भ करने के सम्बंध में विचार कर रहा है। कोलार गोल्ड फील्ड (चत्नस्र) को वर्ष 2001 में खनन की दृष्टि से बंद कर दिया गया था। परंतु, अब 25 वर्ष पश्चात स्वर्ण की इन खदानों में खनन की प्रक्रिया को पुनः प्रारम्भ किए जाने के प्रयास किए जा रहे है। इस संदर्भ में कर्नाटक सरकार ने भी अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। आज पूरे विश्व में सोने की कीमतें आसमान छूते हुए दिखाई दे रही है और विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने सोने के भंडार में वृद्धि करते हुए दिखाई दे रहे हैं क्योंकि अमेरिकी डॉलर पर इन देशों का विश्वास कुछ कम होता जा रहा है। बहुत सम्भव है कि आगे आने वाले समय में अमेरिकी डॉलर के बाद एक बार पुनः स्वर्ण मुद्राएं ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले व्यापार के भुगतान का माध्यम बनें।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

> वर्तमान में भारत कच्चे तेल की अपनी कुल आवश्यकता का 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा लगभग 42 देशों से प्रतिवर्ष आयात करता है। भारत कच्चे तेल की अपनी कुल खरीद का 46 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया के देशों से आयात करता है। वर्तमान में भारत द्वारा कच्चे तेल एवं गैस के आयात पर 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि खर्च प्रतिवर्ष किया जा रहा है। भारत सरकार के पेट्रोलीयम मंत्री श्री हरदीपसिंह जी पुरी ने जानकारी प्रदान की है कि अंडमान एवं निकोबार के समुद्री क्षेत्र में कच्चे तेल एवं गैस का बहुत बड़ा भंडार मिला है।

# ब्राह्मण : न राजा, न ज़मींदार फिर भी देश के सारे गुनहगार



**दीपक कुमार द्विवेदी**

कई वर्षों से यह बात लगातार दोहराई जा रही है–कि भारत में कुछ जातियाँ सदियों तक शोषित रहीं, और उनके शोषण का कारण एक ही वर्ग था–ब्राह्मण। यह बात इतनी बार कही गई है कि अब यह तथ्य न सही, सत्य की जगह ले चुकी है।पर क्या किसी समाज को इस प्रकार एकतरफा आरोपों के आधार पर दोषी ठहराया जा सकता है क्या वास्तव में ब्राह्मण वह वर्ग था, जिसने भारत को सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से गिराया या यह एक राजनीतिक आख्यान है, जो सुनियोजित रूप से फैलाया गया क्या ब्राह्मणों ने शासन किया इतिहास साक्षी है–भारत पर राज करने वाले शासक राजपूत, यादव, मराठा, जाट, पाल, सेन, मौर्य, गुप्त, चोल, पल्लव, गोंड, भील, भूमिहार, कुर्मी, अहोम, बुंदेला, वर्मन, और यहाँ तक कि मुस्लिम वंशज रहे हैं। ब्राह्मण कभी शासक नहीं रहे। उन्होंने न भूमि पर कर वसूला, न सैन्य शासन चलाया, न व्यापार पर नियंत्रण रखा। ब्राह्मण का जीवन यज्ञ, वेदाध्ययन, शिक्षा, संयम और सेवा से जुड़ा रहा। मनुस्मृति में भी ब्राह्मण के लिए धन संचय वर्जित बताया गया है। वह तो अपने तप, विद्या और संयम से समाज में श्रद्धा अर्जित करता रहा। तो फिर प्रश्न उठता है–जिसने न सत्ता चलाई, न सम्पत्ति रखी, वह कैसे शोषक हो सकता है भारत की समृद्धि और पतन का कौन उत्तरदायी आज जब कहा जाता है कि भारत सदियों तक दलित, शोषित, पीड़ित समाज था, तो यह विचार एक और प्रश्न खड़ा करता है–



**और फिर अचानक यह आंकड़ा गायब हो गया–** जब अंग्रेज आए और स्थापित हुए, तो लगभग 200 वर्षों में यह गिरकर मात्र 4.2 प्रतिशत रह गया । ग्लोबल इंडस्ट्रियल आउटपुट में भारत का हिस्सा घट गया 25 प्रतिशत से मात्र 2 प्रतिशत तक । अब बताइए–यह रोजगार ब्राह्मणों ने छीना, या उपनिवेशवादियों ने और वह समाज, जो कभी 100 प्रतिशत रोज़गार की दशा में था, वही समाज 1947 आते-आते गरीबी, भुखमरी और परावलंबन में क्यों डूब गया पहले गाँवों में–लोहार, कुम्हार, बुनकर, वैद्य–हर जाति के हाथ में काम था। हैंडलूम व कुटीर उद्योगों की तरक्की का दौर था । लेकिन अंग्रेजों ने ब्रिटिश कपड़े हाथ से बने भारतीय उत्पादों की जगह थोपे–1830 के दशक तक मशीनों से बने कपड़ों ने कई कुम्हारों और बुनकरों की आजीविका छीन ली । 1813 की चार्टर ऐक्ट के बाद भारतीय वस्त्रों पर भारी शुल्क लग गया, वहीं ब्रिटिश वस्त्र बिना टैक्स डाले आयातित किए गए । परिणामस्वरूप, artisan वर्ग टूट गया–हाथ से बना माल बिकना बंद हुआ, और पूर्व में मजदूरों का हिस्सा कृषि में 18.2 प्रतिशत 11.2 प्रतिशत गिरा ।

**स्थूल आंकड़े भी भयावह हैं–**1901 से 1941 के बीच कृषि पर निर्भरता बढ़ी–63.7 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक, जबकि ग्रामीण कुटीर उद्योगों में मजदूरों की संख्या घट गई । अंग्रेजों के आने से पहले 32 प्रतिशत ग्रामीण वेतन और उत्पादन में योगदान था, लेकिन 1850 के बाद यह लगभग नदारद हो गया ।

**जिला-वार तबाही–**1770, 1870-78, 1897-1900 में भारत में अकाल आए, जिसमें क़रीब 30 मिलियन लोग मरे । 18वीं सदी में ही बंगाल में घरों के हाथ काटने की घटनाएँ हुईं–जिससे हम के बाद की पीड़ा का अंदाज़ा लगा सकते हैं । अब हम एक सवाल पूछते हैं–क्या ऐसी तबाही और बेरोजगारों की तबाही कोई ब्राह्मण व्यवस्था कर सकती है, या यह अंग्रेजों की डिवाइड और रूल नीति की देन थी।

ब्राह्मणों ने लंदन नहीं गए थे,
न उन्हें भारत में मशीनरी का ज्ञान था।
उनकी दुनिया वेदों, यज्ञों और गुरुकुलों की थी–
न फिल्मों की, न फैक्ट्री की।
और फिर यह सवाल–

**क्या ब्राह्मणवाद शब्द वेदों में था**–नहीं। यह 19वीं सदी में ईसाई मिशनरियों ने मानव-धर्म भाषाओं में गढ़ा, और बाद में वामपंथियों ने इसे राजनीतिक और शैक्षिक हथियार बनाया । आज तो यह चलचित्रों में भी देखा जा सकता है–ब्राह्मण पात्र या तो मूर्ख, स्त्री-विरोधी, या दमनकारी दिखाए जाते हैं। क्या यह सिर्फ सोच का स्वतःस्फूर्त हिस्सा है, या यह कोई वैश्विक क्ल्चरल मार्क्सवादी प्रयोग है

ब्राह्मणवाद शब्द आया कहाँ से

अब एक और यथार्थ–यह जो ब्राह्मणवाद शब्द है, क्या यह वैदिक परंपरा का हिस्सा है नहीं।

यह शब्द 19वीं सदी में ईसाई मिशनरियों द्वारा गढ़ा गया, जिन्होंने भारत में धर्मान्तरण हेतु ब्राह्मणों को सबसे बड़ा विरोध माना। बाद में वामपंथियों और मार्क्सवादियों ने इस शब्द को राजनीतिक औजार बना दिया। अब यह फिल्म, साहित्य, राजनीति और विश्वविद्यालयों में गहराई से बैठ गया है। फिल्मों में ब्राह्मण पात्र या तो ढोंगी होते हैं, या क्रूर। लिखित विमर्श में ब्राह्मण को दमनकारी, स्त्रीविरोधी, अन्यायकारी चित्रित किया जाता है।

क्या यह कोई संयोग है

या यह किसी वैश्विक रणनीति – Cultural Mar&ism – का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य धर्म, परंपरा, परिवार और समाज को तोड़ना है

जातिगत जनगणना–समाधान या विघटन

आज जातिगत जनगणना को न्याय का माध्यम बताया जा रहा है।

नारा दिया जा रहा है–जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।

पर क्या संख्या ही न्याय है जब आँकड़े सामने आएंगे और राजनीति उनका प्रयोग करेगी–तो क्या जातियाँ संख्याबल के आधार पर एक-दूसरे से लड़ने नहीं लगेंगी  क्या कोई समाज इस आधार पर चल सकता है कि किसकी संख्या कितनी है  क्या इससे समाज में परस्पर द्वेष नहीं बढ़ेगा अमेरिका में Critical Race Theory के नाम पर यही किया गया–श्वेतों को शाश्वत अपराधी, अश्वेतों को शाश्वत पीड़ित बताया गया। आज वही मॉडल भारत में जातियों पर थोपने का प्रयास हो रहा है। क्या कोई जाति शाश्वत अपराधी हो सकती है ब्राह्मणों ने वेद लिखे, उपनिषदों की रचना की, समाज को धर्म और नीति दी, योग और आयुर्वेद का विकास किया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

> फिर वह भारत कैसे बना जिसकी अर्थव्यवस्था विश्व में पहले स्थान पर थी बस एक सवालज्क्या सच में ब्राह्मणों ने हमारे देश की ताकत और आत्मा को कुचला या कोई और उस जिम्मेदारी का अधिकारी था यदि 85 प्रतिशत आबादी शोषित और उत्पीड़ित थी, तो उस भारत ने आर्थिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक शिखर कैसे छुआ क्या कोई समाज स्थायी उत्पीड़न में रहकर आर्थिक महाशक्ति बन सकता है जब आप इतिहास की खोली खोलते हैं, तब पता चलता है 1000 ई तक हमारा देश विश्व की GDP का करीब 30-33 प्रतिशत हिस्सा उत्पन्न करता था । मुगल काल में यह घटकर लगभग 24 प्रतिशत रह गया । आज के संदर्भ में देखा जाए तो, भारत वह सोने की चिड़िया था।

# आदिवासी अधिकारों व न्याय संघर्ष के लिए एक प्रेरणा है हूल विद्रोह

**कुमार कृष्णन**

संथाल  विद्रोह या हूल विद्रोह  ब्रिटिश औपनिवेशिक व्यवस्था के विरुद्ध प्रथम व्यापक सशस्त्र विद्रोह था जो ब्रिटिश शासन काल में जमींदारों तथा साहूकारों द्वारा किये जाने वाले अत्याचारों के ख़िलाफ़ किया गया था। हूल विद्रोह एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना है जिसने न केवल ब्रिटिश शासन के खिलाफ आदिवासी प्रतिरोध को उजागर किया, बल्कि आदिवासी अधिकारों और शोषण के खिलाफ संघर्ष के लिए एक प्रेरणा भी प्रदान की। यह विद्रोह आज भी प्रासंगिक है क्योंकि आदिवासी समुदायों को आज भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, और यह विद्रोह उनके अधिकारों के लिए लड़ने और न्याय प्राप्त करने के लिए एक प्रेरणा प्रदान करता है। यह ब्रिटिश शासन के खिलाफ पहला संगठित आदिवासी विद्रोह था। इसने आदिवासी समुदायों द्वारा सामना किए जा रहे शोषण को उजागर किया और भारत में बाद के आदिवासी आंदोलनों को प्रभावित किया। हुल का अर्थ होता है विद्रोह या क्रांति। यह शब्द संथाल आदिवासी समुदाय द्वारा उनके अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए ब्रिटिश शासन के खिलाफ लडे गए, संघर्ष को दर्शाता है। इतिहासकार वाल्टर हॉउजर ने अपनी पुस्तक  आदिवासी एंड द राज~ सोसियो एकोनोमिक ट्रांजिक्शन आफ द संथाल इन ईस्टर्न इंडिया  में संथाल हूल विद्रोह या हुल विद्रोह को हक की लड़ाई और ब्रिटिश सरकार के नीतियों के खिलाफ संघर्ष के रूप में देखा। जब अंग्रेजी हुकूमत के आगमन के बाद, जमींदारी प्रथा ने संथालों की ज़मीनों  पर कब्जा कर लिया। आदिवासी समुदाय को उनकी जमीनों से बेदखल कर दिया गया और अत्यधिक करों और उच्च ब्याज दरों पर ऋण लेने के लिए मजबूर किया गया। साथ ही कर को इतना अधिक बढा दिया गया कि कर चुकाना भी मुश्किल हो जाता था। ब्रिटिश भी इतने  थे कि शातिर थे कि अगर जो भी कर चुका नही पाता था तो उस पर मुकदमा चलाया जाता, जिससे और अधिक प्रताड़ित किया जाता था।  ब्रिटिश अत्याचारों से संतालों की सामाजिक और सांस्कृतिक तानाबाना को प्रभावित हो रही थी।अंग्रेजों द्वारा नियोजित कर-संग्रह करने वाले महाजन जमींदार बिचौलियों के रूप में अर्थव्यवस्था पर हावी हो गए। कई संथाल भ्रष्ट धन उधार प्रथाओं के शिकार हो गए। उन्हें अत्यधिक दरों पर पैसा उधार दिया गया था। जब वे कर्ज चुकाने में असमर्थ थे, तो उनकी जमीनों को जबरन छीन लिया गया और उन्हें बंधुआ मजदूरी के लिए मजबूर कर दिया गया। 30 जून 1855 को, इनलोगों ने लगभग 60,000 संथालों को लामबंद किया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## शब्द पहेली - 8414

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | 4 | 5 | |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | | ■ |
| | ■ | 8 | | 9 | ■ | ■ | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 14 |
| ■ | 15 | | | | ■ | 16 | | |
| 17 | | ■ | ■ | 18 | 19 | | ■ | |
| ■ | 20 | 21 | | ■ | | ■ | 22 | |
| 23 | | | ■ | 24 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. अपनत्व, अपनाव-5
4. खाने लायक तैयार होना-3
6. गोंद, लाख-2
7. पति, शौहर-3
8. जंगल, अरण्य-3
10. उत्साह, ललक-2
11. प्रलय, आफत-3
12. ईश्वर, रब-4
15. वट वृक्ष-4
16. निर्माण(उर्दू-3)
17. धोखा, कपट-2
18. दृष्टि, निगाह-3
20. स्वदेश, मातृभूमि-3
22. एक पैसा-2
23. विजय, जीत-3
24. आत्मबलिदानी, साहसी-5

**ऊपर से नीचे**

1. उपद्रव की स्थिति, अशांति-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. गिरावट, अवनति-3
4. मवाद-2
5. मरियल, दुर्बल-4
8. असरदार, प्रभावी-4
9. नाक छेदना-2,3
13. विदिर्ण, छिन्न भिन्न होना-4
14. मांग, अनुरोध-5
15. बलवा, गदर-4
19. विष, गरल-3
21. अस्तर, स्तर-2
22. देवदास की प्रेमिका-2

**शब्द पहेली -8413 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ती | रं | दा | ज | ■ | को | म | लां | गी |
| व्र | ■ | म | न | भ | र | ना | ■ | ज |
| ता | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | स | र |
| ■ | म | ■ | क | म | र | ■ | मा | ■ |
| प्र | ता | ड़ | ना | ■ | स | र | ज | मीं |
| ■ | जो | ■ | त | र | ना | ■ | वा | ■ |
| बा | गी | ■ | ■ | सी | ■ | ■ | दी | न |
| य | ■ | ल | ची | ला | प | न | ■ | य |
| स | ना | त | न | ■ | र | स | खा | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**1 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.29 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | सिंह | 08.45 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.57 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.07 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.22 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.38 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.43 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.30 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.03 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.33 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | वृष | 02.13 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 04.11 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 182 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** षष्ठी 10.21 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 08.54 बजे को समाप्त।
**योग** व्यतीपात 17.19 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 10.21 बजे तदनन्तर गर 23.06 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 05.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 06'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872392
**जूलियन दिन** 2460857.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 05

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ– शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट



### मतदान में उपयोग की जाने वाली ईव्हीएम का किया गया रेन्डमाईजेशन

शहडोल। जिले की खांड़ नगर परिषद में रिक्त वार्ड क्रमांक 08 में पार्षद पद के निर्वाचन हेतु उपयोग की जाने वाली ईव्हीएम का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह द्वारा एनआईसी में रेन्डमाईजेशन विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने बताया कि रेन्डमाईजेशन के माध्यम से 05 सेट ईव्हीएम जिसमें व्हीयू एवं सीयू का निर्धारण किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि क्रमशः विष्णु प्रताप सिंह, रवीन्द्र वर्मा, राकेश कन्नौजिया, अरफाना शेख, रामनाथ यादव, राजेश चौधरी, राकेश वर्मा, निर्वाचन पर्यवेक्षक संजय खरे, जीके पाण्डेय एवं कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा।

### कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को संतुष्टि के साथ निराकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे तथा जिला प्रमुख अधिकारी शिकायतो के निराकरण की स्थिति की मॉनीटरिंग करें। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में दी जाने वाली सेवाओं का निराकरण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। इसी तरह ई-केवायसी के कार्य में प्रगति लाने तथा सीईओ जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दैनिक लक्ष्य बनाकर ई-केवायसी करने के निर्देश दिए गए। आपने कहा कि जिन लोगों की एक से अधिक ई-केवायसी बनी है, उन्हें डिलीट करने का कार्य भी किया जाए। जिन स्थानों में आधार कार्ड से संबंधित समस्याएं आ रही हैं वहां आधार कार्ड बनवाने तथा सुधार करने से संबंधित शिविरों का आयोजन किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, श्रीमती ज्योति परस्ते सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधायक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

शहडोल। जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्रीमती



मनीषा सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत काठौतिया में पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भी अपने जीवन की सबसे प्रिय मां के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियान न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाने में सहायक हैं, बल्कि समाज में भावनात्मक जुड़ाव भी पैदा करते हैं।

### 150.7 मि.मी. औसत वर्षा

शहडोल। अधीक्षक भू-अभिलेख शहडोल ने जानकारी दी है की जिले में 29 जून को जिले में कुल 0.2 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 0 मिमी., बुढ़ार में 0 मिमी., गोहपारू में 0 मि.मी., जैतपुर में 0 मिमी, चन्नौड़ी में 2.0 मिमी., ब्यौहारी में 0.0 मिमी, जयसिंहनगर में 0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

**शहडोल में बारिश बनी राहत और परेशानी का कारण, रेत महंगी होने से पीएम आवास योजना पर संकट**

# 14 हजार से अधिक आवास अधूरे, निर्माण कार्य प्रभावित

**विजय मत, शहडोल**


जिले में हाल ही में हुई झमाझम बारिश ने जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत दी है, वहीं इसका एक और पक्ष सामने आया है जो लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। बारिश के चलते रेत की आपूर्ति बाधित हो गई है और इसके दामों में अचानक भारी इजाफा हो गया है। इसका सीधा असर प्रधानमंत्री आवास योजना ( क्क्ष्ड्ड ) के तहत बनाए जा रहे आवासों पर पड़ा है।

### अधर में लटके हजारों आवास

जिले के ग्रामीण इलाकों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अब तक 1,26,051 आवासों को स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन इनमें से 14,589 आवासों का कार्य अब भी अधूरा पड़ा है। लाभार्थियों को निर्माण कार्य पूरा करने के लिए अगली किश्त का इंतजार है, परंतु निर्माण सामग्री खासकर रेत के दामों में बढ़ोतरी ने उनके सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है।

### कुछ दिन की बारिश, ढाई हजार की बढ़ोतरी

रेत कारोबारियों का कहना है कि कुछ दिन पहले हुई तेज बारिश की वजह से




नदियों से रेत का उठाव रुक गया, जिससे रेत की उपलब्धता कम हो गई है। जहां पहले एक डग्गी रेत की कीमत लगभग 6 हजार रुपए थी, अब यह बढ़कर 8,500 रुपए प्रति डग्गी तक पहुंच गई है। रियाल्टी में भी करीब 1 हजार रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है, जिससे रेत का परिवहन और महंगा हो गया है। दूरस्थ गांवों में यह कीमत 9 से 10 हजार रुपए प्रति डग्गी तक पहुंच गई है, जो गरीब लाभार्थियों की पहुंच से बाहर होती जा रही है।

### लाभार्थी परेशान, काम हुआ ठप

कई ऐसे हितग्राही हैं जो सीमित संसाधनों के साथ किसी तरह अपने आशियाने का सपना साकार करना चाहते हैं, लेकिन रेत के बढ़ते दामों ने उनकी आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त दबाव बना दिया है। जिन आवासों का कार्य अंतिम चरण में था, वहां भी काम ठप पड़ गया है। निर्माण सामग्री महंगी होने से लोगों को निर्माण रोकने तक की नौबत आ गई है।

### राहत की मांग, प्रशासन से हस्तक्षेप की अपेक्षा

स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से रेत की दरों को नियंत्रित करने और योजना से जुड़े लाभार्थियों को रियायत देने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो प्रधानमंत्री आवास योजना की गति धीमी हो जाएगी और ग्रामीणों को पक्के घर का सपना अधूरा ही रह जाएगा।

# पत्ता गोभी में सांप निकलने से डरा परिवार, डॉक्टर ने बताया इसे जानलेवा

**विजय मत, शहडोल**

अगर आप भी बारिश के मौसम में पत्ता गोभी खाने का शौक रखते हैं तो यह खबर आपके लिए काफी जरूरी है, क्योंकि यह खबर आपको हैरान और परेशान कर सकती है। जैतपुर के खोडरी गांव में पत्ता गोभी के अंदर सांप मिलने के बाद गांव में हड़कंप मच गया है, जिसका वीडियो भी सामने आया है। जिला अस्पताल के डॉक्टर ने इस जानलेवा बताया है।

जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के खोडरी गांव के रहने वाले शमीम खान ने बताया कि बारिश के मौसम में सब्जियों की मारामारी है, उन्होंने कहा कि वह कमता बाजार रविवार शाम पहुंचे थे, जहां से उन्होंने 1 किलो पत्ता गोभी खरीदी और सोमवार की सुबह उनके घर में सब्जी बनने की तैयारी शुरू हो गई। शमीम खान ने बताया कि उनकी पत्नी सोमवार की सुबह रोज की तरह तकरीबन 9ः00 बजे सब्जी बनाने के लिए घर में रखी पत्ता गोभी को चाकू से काटा तो उसमें बीच से एक लंबा सा कीड़ा निकला, जिसे देख वह डर गई और पति को आवाज लगाकर बुलाया, पति शमीम ने जब इस कीड़े को पत्ता गोभी के अंदर रेंगते देखा तो वह भी हैरान रह गए।

### पुराने लोगों ने की पहचान

जिसके बाद पत्ता गोभी को लेकर परिवार बाहर निकाला और आसपास के लोगों को बुलाया गया, तभी बगल में मौजूद एक बुजुर्ग महिला एवं अन्य ने इसे गौर से देखा और बताया कि यह एक सांप है, जिसे गांव की भाषा में अंधरी सांप भी कहा जाता है। घटना का वीडियो कुछ लोगों ने बना लिया, वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पत्ता गोभी के बीच के हिस्से में सांप रेंगते हुआ दिखाई दे रहा है। गांव के लोग पत्ता गोभी खाने में अब डर रहे हैं। शमीम और उनके परिवार का कहना है कि हम अब कभी भी पत्ता गोभी का सेवन नहीं करेंगे, क्योंकि यह जानलेवा भी हो सकता है।

### हो सकता है खतरनाक

जिला अस्पताल के मेडिसिन विभाग के डॉक्टर भूपेंद्र सिंह सेंगर से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह एक जहरीला कीड़ा है। जिसे गांव की भाषा में अंधरी सांप कहा जाता है। अगर इसे सब्जियों के साथ खा लिया जाए तो उससे लोगों की जान जा सकती है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में यह आम बात है। पत्तियों वाली सब्जियों में यह कीड़े पाए जाते हैं। इस मौसम में उन्हें ने कहा अच्छे से सब्जियों को धुलने के बाद ही उनका उपयोग किया जाए।

# मोहनराम तालाब दिखने लगा अब स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक



**विजय मत, शहडोल**

संभागीय मुख्यालय शहडोल के ऐतिहासिक मोहन राम तालाब ने अब नया रूप ले लिया है। जिला प्रशासन, सामाजिक संगठनों एवं पंडित शंभू नाथ विश्वविद्यालय शहडोल के एनसीसी कैडेट के समन्वय से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए गए सौंदर्यीकरण, गहरीकरण और सफाई कार्यों से तालाब अब स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक दिखने लगा है। यह पहल जल संरक्षण एवं पारिस्थितिक संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस पुनीत कार्य में एनसीसी कैडेट्स ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत कैडेट्स ने श्रमदान कर तालाब की सफाई की, लोगों को जल स्त्रोतों की महत्ता बताई और जल संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। स्थानीय नागरिकों ने इस नव प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि मोहन राम तालाब अब न सिर्फ जल स्त्रोत है, बल्कि एक प्रेरणास्थल बन गया है। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को जल और प्रकृति के महत्व को समझाने में सहायक सिद्ध होगी।जल गंगा संवर्धन अभियान में एनसीसी कैडेट के सीनियर केडेट्स गौरव मिश्रा, दिव्यानी साहू, सत्यानंद तिवारी, अंकुश साहू, उदय प्रसाद बुनकर ने उत्साह एवं उमंग के साथ सहभागिता निभाई और जल संरक्षण का संदेश दिया।

# मानस भवन होगा कायाकल्प के बाद नया और भव्य

**विजय मत, शहडोल**

शहडोल नगर मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक मानस भवन, जो पिछले 26 वर्षों से सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों का केंद्र रहा है, अब जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। भवन की दीवारों से प्लास्टर झड़ रहा है, छत की सीलिंग जगह-जगह से लटक रही है और दर्शकों के बैठने के लिए लगी कुर्सियाँ भी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। ऐसे में जब भी कोई कार्यक्रम होता है, दर्शकों की निगाहें मंच से अधिक भवन की खस्ता हालत पर टिक जाती हैं।

**मानस भवन की दशा कर रही है मरम्मत की माँग** -नगर पालिका परिसर में स्थित यह भवन लंबे समय से मरम्मत की राह देख रहा था। बीच-बीच में छोटी-मोटी मरम्मत अवश्य हुई, लेकिन व्यापक स्तर पर किसी सुधार की दिशा में प्रयास नहीं हुए। अब जाकर जिलास्तरीय डीएमएफ (जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि) मद से 60 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से भवन के पूर्ण जीर्णोद्धार का कार्य किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों ने जानकारी दी है कि शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी और कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**आडीटोरियम के रूप में हुआ था पुनर्निर्माण** -इस भवन को वर्ष 2008 में आडीटोरियम के रूप में विकसित करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भूमिपूजन किया था। 10 जनवरी 2010 को इसका लोकार्पण तत्कालीन राज्यमंत्री जयसिंह मरावी ने किया था। इस दौरान सांसद दलपत सिंह परस्ते, विधायक छोटेलाल सरावगी और नगरपालिका अध्यक्ष सत्यभामा गुप्ता उपस्थित थीं।

### जल भंडारण हेतु नई संरचनाएँ तैयार

शहडोल। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जल संरक्षण अभियान से प्रेरित मध्यप्रदेश सरकार और समाज की साझेदारी से जल की बूंद-बूंद बचाने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च 2025 से संचालित किया गया। इस अभियान के माध्यम से जिलेभर के जलस्रोतों को पुनर्जीवित कर जल संवर्धन को जनआंदोलन का स्वरूप दिया गया। 30 मार्च से 30 जून तक चालाए गऐ जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य पारंपरिक एवं प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण, पुनर्जीवन तथा भूजल स्तर में सुधार था। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले भर में 5 नदियो में 30 से ज्यादा घाट, 67 नालो में साफ-सफाई, 172 सामुदायिक तालाब, 780 सामुदायिक कपिलधारा कूप, 32 प्राचीन बावडी, 50 अमृत सरोवर, 3746 नवीन खेत तालाब, 26 स्मृति वन व 32 चेक डेम स्टॉप डैम शामिल है।

# कलेक्टर ने खेल प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रशिक्षको को वितरित किया प्रमाण पत्र



**विजय मत, शहडोल**

मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण भोपाल के निर्देशानुसार शहडोल जिले में आयोजित निःशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर वर्ष 2025 का समापन समारोह कार्यक्रम में कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा प्रमाण पत्र, ट्रेकशूट, शूज़ एवं प्रशिक्षकों को शासन के निर्देशानुसार 5 हजार एवं 2 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया।

शहडोल संभागीय मुख्यालय व विकासखण्ड मुख्यालय में 12 मई से 12 जून 2025 तक आयोजित किया गया। संभागीय मुख्यालय में 15 खेल- एथलेटिक्स, हैण्डवाल, वालीवाल, कबड्डी, बैडमिन्टन, टेबल टेनिस, कराते, जुडो, बाक्सिंग, ताईक्वांडों, लाठी, फुटवाल, खो-खो सेपराटेकरा, बास्केटवाल, का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय में प्रचालित 2 खेलो का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया, जिसमें खिलाडियों का ऑनलाईन पंजीयन 985 एवं आफलाईन पंजीयन मिलाकर कुल 1200 खिलाडियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान खिलाडियों में आपसी स्पर्धा कराई गयी। जिसमें प्रतिभावान खिलाडियों का चयन कर प्रदेश में संचालित खेल अकादमियों के द्वारा टैलेन्ट सर्च में सम्मिलित कराया गया।




**प्रेस वार्ता**

**अशोक नगर जिले के थाना मुंगावली में जीतू पटवारी के विरूद्ध राजनैतिक द्वेष के चलते की गई एफआईआर**

# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पर झूठा मुकद्मा दुर्भाग्यपूर्ण



**विजय मत, शहडोल**

मध्यप्रदेश कॉग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर झूठा मुकदमा दर्ज किए जाने के संबंध मे जिला कॉग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व मे पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।

जिलाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी के खिलाफ पुलिस थाना मुंगावली, जिला अशोकनगर में दर्ज एफआईआर क्रमांक 0233/27.06.2025 पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष और दमनकारी मानसिकता का परिचायक है। यह एफआईआर न सिर्फ सच्चाई को दबाने का प्रयास है, बल्कि पीड़ितों को डराने और विपक्ष की आवाज को कुचलने का षड्यंत्र है।

### घटनाक्रम का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 25.06.2025 को ग्राम मुडरा, थाना मुंगावली, जिला अशोकनगर के दो पीड़ित भाई गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से ओरछा दौरे के दौरान मिले। उन्होंने शिकायत की कि गांव के दबंग सरपंच पुत्र विकास एवं उसके साथियों ने उनके साथ मारपीट की, मोटरसाइकिल छीनी, और गंभीर अपमानजनक व्यवहार किया। इनकी आपबीती को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने वीडियो रिकॉर्ड कर सार्वजनिक किया ताकि पीड़ितो को न्याय मिले और प्रशासन जिम्मेदारी ले।

इसके अगले ही दिन 26.06.2025 को जिला प्रशासन द्वारा पीड़ितो को तलब कर डरा-धमकाकर शपथ पत्र दिलवाया गया, जिसमें यह आरोप लगाया गया कि मानव मल खिलाने जैसी बात कहने के लिए उन्हें श्री पटवारी ने उकसाया था।

उसी आधार पर 27.06.2025 को मुंगावली थाना में एफआईआर दर्ज कर ली गई जिसमें श्री पटवारी को षड्यंत्रकर्ता, धर्म-जाति के आधार पर समाज में द्वेष फैलाने वाला, राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा और सार्वजनिक उपद्रव भड़काने वाला बताया गया। यह संपूर्ण घटनाक्रम राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है।

श्री पटवारी एक जिम्मेदार विपक्ष के नेता के नाते पीड़ितो की आवाज बने। वायरल वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि पीड़ित भाई कैसे बिलख-बिलख कर न्याय की गुहार कर रहे हैं।श्री पटवारी ने कोई उकसावन, साजिश या भ्रामक बयान नहीं दिया।यह एफआईआर प्रशासन द्वारा भाजपा सरकार के इशारे पर बनाई गई कहानी है ताकि वास्तविक दोषियों को बचाया जा सके।

**झूठा मुकद्मा तत्काल निरस्त करनें की मांग** -झूठी एफआईआर क्रमांक 0233 दिनांक 27.06.2025 को तत्काल निरस्त किया जाए। जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक अशोकनगर की भूमिका की स्वतंत्र न्यायिक जांच हो ! पीड़ितो को न्याय दिलाया जाए, और दबंग सरपंच पुत्र एवं उसके साथियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। कांग्रेस पार्टी हर ऐसे अन्याय के विरुद्ध, जनता के साथ खड़ी रहेगी और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करती रहेगी। यह लड़ाई केवल एक व्यक्ति की नहीं बल्कि सत्य, न्याय और संविधान की रक्षा की लड़ाई है। हम मांग करते हैं कि सरकार और प्रशासन राजनैतिक हस्तक्षेप छोड़कर, निष्पक्षता से कार्य करें, अन्यथा कांग्रेस जन-जन तक इस साजिश को उजागर करेगी। उक्त जानकारी जिला कॉंग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की। पत्रकार वार्ता मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, प्रदेश सचिव अजय अवस्थी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व पार्षद प्रीतम दास सोनी उपस्थित रहे।

## न्यूज इन शॉर्ट



### ब्रांड कंपनियों के नाम बाजार में बिक रहा था नकली समान, पुलिस ने 3 लाख से अधिक रुपए का समान किया जब्त

अनूपपुर/ कोतमा। बिजुरी पुलिस ने बाजार में ब्रांड के नाम पर नकली समान बेचे जाने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए 3 लाख से अधिक रुपए के समान को जब्त करते हुए मामले में आरोपी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि 28 जून को बाजार में नकली समान बेचने के लिए आवेदन पत्र प्राप्त होने पर सूचना के आधार पर टीम गठित कर छापामार कार्रवाई की गई। जिस पर कपिलधारा कॉलोनी थाना बिजुरी में आरोपी अजय कुमार श्रीवास पिता स्व. संत कुमार श्रीवास उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 09 थाना अमरकंटक का मिला। जिसके कब्जे से 115 नग पतंजली मर्स्टड ऑयल की बोतल, टाटा टी प्रीमियम चाय पत्ती कुल 1330 नग, ग्लूकान डी के 740 नग, ऑल आउट के 1510 नग कुल कीमत 3,07,950 रुपए को कब्जे में लिया। मौके पर उपस्थित जांच अधिकारी के द्वारा सैंपल की जांच करने पर उपरोक्त समान नकली होना पाया गया तथा आरोपी से दस्तावेज मागने पर कोई दस्तावेज पेश नहीं करने पर आरोपी पर धारा 51, 63 कॉपी राइट अधिनियम 1957 पाए जाने से सामग्री को विधिवत जब्त किया गया और आरोपी अजय कुमार श्रीवास के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

### मवेशी को डंडे से पीटकर हत्या, आरोपी पर मामला दर्ज

कोतमा। कोतमा थाना क्षेत्र के अंतिम छोर में स्थित रेउसा गांव निवासी मुन्नी बाई बैगा 30 वर्ष की गाय को गांव के ही प्रेम जायसवाल के द्वारा डंडा से निर्दयतापूर्वक पीटते हुए मार डालने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि प्रेम जायसवाल के बड़ी में गाय के चले जाने पर उत्तेजित होकर डंडों से ताबड़-तोड़ प्रहार किया। जिससे गाय की सींग भी टूट गई और तड़प कर जान भी चली गई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 325 बीनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना कर रही है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि मुन्नी बाई की गाय शनिवार को चरते चरते प्रेम जायसवाल के बाड़ी में चली गई थी। आरोपी के द्वारा गाली गलौज करते हुए गाय पर डंडा लेकर टूट पड़ा और लगातार डंडे के हमले से मौत हो गई।

### बुढ़ानपुर में जुआ खेलते तीन जुआरी गिरफ्तार

कोतमा। कोतमा पुलिस ने शुक्रवार को नगर के समीप गांव बुढानपुर पतेरा टोला में दबिश देकर जुआ खेलते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कि पतेरा टोला नवा तालाब के पास कुछ जुआरी ताश के माध्यम से हार जीत का गांव लगा रहे है। घेराबंदी कर मौके से पप्पू उर्फ जलेश्वर चौधरी 37 वर्ष निवासी पतेरा टोला, अजय बसोर 27 वर्ष पिता सुंदरलाल निवासी वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला एवं सुरेश सोनी 53 वर्ष पिता ददनराम सकोल को गिरफ्तार करते हुए नगदी एक हजार एवं ताश के 52 पत्तों के साथ धारा 13 जुआ एक्ट में कार्यवाही की गई। बताया जा रहा है कि खुले स्थान पर जुआ होने के कारण पुलिस के आने के पूर्व ही कुछ लोग मौके से फरार हो गए।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मवेशी की मौत

कोतमा। कोतमा थाना अंतर्गत बरगवां गांव में रविवार की सुबह 7 बजे आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गाय की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि संजय यादव की गाय सुबह बाड़ी में चर रही थी, इस दौरान बारिश के साथ तेज आकाशीय बिजली गिरने की घटना हुई जहां गाय की स्थल पर ही मौत हो गई। मृत गाय के पेट में बछड़ा भी था। घटना की सूचना पशु विभाग एवं थाना कोतमा में दी गई। सूचना पर शव परीक्षण, पीएम सहित जांच कार्रवाई की जा रही है। पशु पालक के अनुसार 60 हजार में खरीदा गया था, जो प्रतिदिन 8 लीटर दूध देती रही।

### पुलिस ने गुंडा बदमाशों की कराई परेड, अपराध न करने की दी सख्त हिदायत

कोतमा। शनिवार को पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में थाना क्षेत्र के अंतर्गत निगरानी, गुंडा बदमाश सहित शातिर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए धरपकड़ कर थाना में परेड कराई गई। साथ ही अपराध ना करने को लेकर कड़ी चेतावनी भी दी गई। कार्रवाई का नेतृत्व थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला ने किया। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के गुंडा, निगरानी बदमाशो के रिकॉर्ड में शामिल गोविंद प्रजापति 55 वर्ष निवासी रेस्ट हाउस रोड, चुनाडु उर्फ धनपत गोंड कलमुडी, झल्लू उर्फ सत्यनारायण सोनी वार्ड 4 बिजली ऑफिस के पास, अल्लू उर्फ रियाज लहसुई गांव, नारायण यादव वार्ड 1 फिल्टर टोला, कोमल सिंह गणेशनगर गोविन्दा कॉलरी, राहुल सिंह गोंड वार्ड 11 गोविंदा गांव, मो जुमाई निवासी लहसूई, मो अफजल 50 वर्ष, लाला उर्फ माजित 38 वर्ष, मो इस्तयाक उर्फ कतन्नी 30 वर्ष सभी निवासी लहसूई गांव, गुड्डा उर्फ संजय सोनी 50 साल निवासी दफाई टोला को थाना हाजिर किया गया। थाना प्रभारी द्वारा सभी के जीवनयापन, दिनचर्या एवं अपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता को लेकर कड़ाई से पूछतांछ की। सभी बदमाशों को सख्त हिदायत दी कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अपराधों में शामिल ना हो एवं अवैध गतिविधियां से दूर रहे। भविष्य में किसी भी प्रकार की अपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अलग-अलग टीमों के द्वारा नगरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हिस्ट्रीशीटर, गुंडा बदमाशों के धरपकड़ किए जाने से आपराधिक तत्वों में हड़कंप मचा रहा। कई बदमाश अनुपस्थित मिले एवं कुछ पुलिस के डर से फरार हो गए।

---

जिले की पंचायतों में 3739 खेत तालाब और 12 अमृत सरोवर का निर्माण

# जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य पर बिजुरी नपा अध्यक्ष को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**विजय मत, अनूपपुर**

बिजुरी नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सहबीन पनिका को जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए 30 जून को खंडवा में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान समापन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया। इस समारोह में जल संवर्धन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के 10 नगरीय निकायों के अध्यक्षों को सम्मानित किया गया है। दरअसल बिजुरी नगर पालिका ने अभियान के तहत नगर के कुएं, बावडियों, तालाबों, नदी और नालों की सफाई के साथ-साथ पौधारोपण जैसे कार्यों में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। जिसमें नपा उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा और सीएमओ पवन साहू सहित अन्य नपा पदाधिकारियों द्वारा पिछले तीन माह के दौरान नगरीय क्षेत्रों का भ्रमण कर जल संर्वधन को लेकर स्थलों का चयन और कार्य योजना बनाई। नगरपालिका द्वारा





जिम्मेदारी पूर्वक कार्य भी कराया गया, जिसका परिणाम रहा कि जिले से बिजुरी नगरपालिका को सम्मान के लिए चुना गया। इस मौके पर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के नगर पालिका परिषद बिजुरी को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान में जन सहभागिता के लिए नागरिकों क आभार भी ज्ञापित किया है।

### जिले की पंचायतों में 3739 खेत तालाब और 12 अमृत सरोवर का निर्माण

जिपं सीइओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने बताया कि जिले के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत में कुल 3739 खेत तालाब, 12 अमृत सरोवर, 400 डगवेल, 802 वाटर हार्वेस्टिंग तथा 832 के तालाब के निर्माण कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अमले को प्रशिक्षण देने के साथ ही जल संचय के लिए जागरूक करने का कार्य भी किया गया है। सोमवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन एवं वाटरशेड सम्मेलन के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसे सम्बोधित करते हुए जिपं अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने कहा जल है तो कल है बूंद बूंद पानी को बचाना हम सब की जिम्मेदारी है। शासन के द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान न सिर्फ शासन, प्रशासन का अभियान है बल्कि इसमें सभी की सहभागिता से ही सफलता प्राप्त होती है। पिछले तीन माह में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सार्थक कार्य जिले में हुए हैं। वहीं जिपं उपाध्यक्ष पार्वती वाल्मीकि राठौर ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए जल का संचय समय की मांग है। उन्होंने सभी से पानी की एक- एक बूंद को सहेजने की अपील करते हुए पौधारोपण करने आग्रह भी किया। कार्यक्रम का संचालन जिपं पीआरओ अमित श्रीवास्तव ने किया। बैठक के दौरान खंडवा में आयोजित कार्यक्रम को जिले भर में वर्चुअल माध्यम से देखा एवं सुना गया।

---

# 100 अस्पतालों एवं उद्योगों के साथ संकल्प महाविद्यालय का एमओयू

## रोजगार और व्यावसायिक शिक्षा की दिशा में सशक्त पहल

**विजय मत, अनूपपुर**




शिक्षा को सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उसे उद्योगों एवं चिकित्सा संस्थानों से जोडने की दिशा में संकल्प महाविद्यालय अनूपपुर ने 100 से अधिक प्रतिष्ठित अस्पतालों एवं औद्योगिक संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और रोजगार के लिए तैयार करना है। इस समझौते के माध्यम से मेडिकल एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, उपकरणों एवं वास्तविक रोगी-सेवा का अनुभव प्राप्त होगा। वहीं अन्य तकनीकी, वाणिज्यिक और औद्योगिक पाठ्यक्रमों के छात्र इंडस्ट्रीज में इंटर्नशिप व प्रशिक्षण लेकर वास्तविक कार्य-परिस्थितियों से परिचित हो सकेंगे। संकल्प महाविद्यालय का यह प्रयास शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने का कार्य करेगा। इससे छात्रों का न केवल व्यावहारिक ज्ञान बढ़ेगा, बल्कि वे नौकरी के लिए अधिक उपयुक्त और सक्षम बनेंगे। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को टीम वर्क, पेशेवर व्यवहार और समस्या समाधान जैसे महत्वपूर्ण कौशलों का विकास करने का भी अवसर मिलेगा।

### सीखने के साथ काम का अवसर तैयार करना

महाविद्यालय प्रबंधन का मानना है कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल शैक्षणिक योग्यता पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक अनुभव और कौशल भी अत्यंत आवश्यक हैं। यह एमओयू विद्यार्थियों को ÷सीखते हुए काम करने÷ का मंच प्रदान करता है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। जहां सीखने के साथ काम के अवसर मिलेंगे। संकल्प महाविद्यालय की गुणवत्ता, दूरदर्शिता और छात्रों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह समझौता विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की ओर एक निर्णायक कदम साबित होगा।

### मैदानी कार्यकर्ताओं को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के संबंध में दी जानकारी

अनूपपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी देने तथा सिटिजन फीडबैक के संबंध में जपं जैतहरी सीइओ केके रैकवार ने एएनएम, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक में दी। बैठक में सभी विकासखंड स्तरीय अधिकारी, बीपीओ, एपीओ, बीसी एसबीएम, एवं एडीओ एवं पीसीओ भी उपस्थित रहे। शासन के प्राप्त दिशा निर्देशों के संबंध में अवगत कराया गया।

### 24 घंटे में जिले में 0.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

अनूपपुर। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 0.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अमरकंटक में 2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, जैतहरी, वेंकटनगर, पुष्पराजगढ़ तथा बेनीबारी में वर्षा निरंक रिकार्ड की गई है।

### मवेशियों के गले में रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट, सडक़ सुरक्षा के अहम उपाय

**सडक़ पर बैठने वाले मवेशियों को दुर्घटना से बचाने यातायात पुलिस ने की पहल, 70 मवेशियों को पहनाया बेल्ट**



**विजय मत, अनूपपुर**

वर्षा के दिनों में जमीन गीली या नमी युक्त हो जाने के कारण अक्सर मवेशी रोड पर आकर बैठते हैं, जहां रात्रि के समय अंधेरा होने से मवेशी स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते और तेज रफ्तार की आती वाहनें दुर्घटना का शिकार हो जाती है। इसमें वाहन में सवार लोगों के साथ मवेशी को भी नुकसान पहुंचता है। इस पर अंकुश पाने पुलिस कप्तान मोती उर रहमान के निर्देश में जिला यातायात पुलिस ने सुरक्षित पहल की है। जिसमें सडक़ दुर्घटना में मवेशियों की मृत्यु ना हो इसलिए उन्हें सडक़ से हटाया जाए तथा रात्रि के समय मवेशी स्पष्ट रूप से दिखाई दें इसके लिए रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट बांधे जाएं। इस पहल में यातायात प्रभारी ज्योति दुबे द्वारा शिव मारुति युवा संगठन के सदस्यों के सहयोग से अभियान चलाकर अनूपपुर शहर की सडक़ों पर बैठे लगभग 70 मवेशियों को रेडियम रिफ्लेक्टर बेल्ट पहनाए हैं। यातायात प्रभारी का कहना है कि इससे अंधेरे में भी वाहनों की रोशनी में चालक किसी मवेशी का होना देख सकेगा और सावधानी पूर्वक अपनी वाहन को चला सकेगा। इसमें न तो वाहन को कोई नुकसान पहुंचेगा और ना ही जनहानि होगी। वहीं सडक़ पर बैठे मवेशी को भी चोंटे नहीं आएगी।

---

## खनिज विभाग अधिकारी के सामने ट्रैक्टर लेकर भागने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

**विजय मत, अनूपपुर**

चचाई थाना क्षेत्र के केल्हौरी गांव से 11 जून की रात खनिज विभाग द्वारा जब्त किए गए वाहन को रास्ते में ही चालक द्वारा भगा ले जाने के मामले में 30 जून को चचाई पुलिस ने मुख्य आरोपी 39 वर्षीय पित्तू यादव उर्फ चंद्रिका यादव पिता गोविंद प्रसाद यादव निवासी कैल्हौरी को दस्तयाब कर ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 18एबी 2965 को भी जब्त किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह मरावी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना चचाई में पूर्व से दर्जन भर अपराध पंजीबद्ध हैं, हाल ही में जिला बदर की सजा काटकर आरोपी वापस आया था। पुलिस ने आरोपी पर अवैध रेत परिवहन की कार्रवाई के दौरान शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में अपराध दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि 13 जून को खनिज निरीक्षक ईशा वर्मा खनिज कार्यालय अनूपपुर के द्वारा एक लिखित आवेदन पत्र पेश किया गया कि 11 जून की रात्रि को अवैध रेत परिवहन सोन नदी केल्हौरी गांव से होने की सूचना पर मौके पर छापामार कार्रवाई की गई तो ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 18एबी 2965 में रेत परिवहन करते पाए जाने पर उक्त ट्रैक्टर के चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम तीरथ बैगा पिता देवी दीन बैगा निवासी बम्हौरी जिला शहडोल का होना बताया तथा उक्त ट्रैक्टर मालिक चंद्रिका यादव निवासी केल्हौरी के ट्रैक्टर में सोन नदी से पित्तू यादव के कहने पर रेत परिवहन करना बताया गया था।

परिवहन के सम्बंध में कोई दस्तावेज नहीं होने पर ट्रैक्टर को मौके से जब्त कर लाते समय मौके से आरोपियों द्वारा भगा ले जाया गया। इस मामले में पूर्व ही नीरज चौरसिया, महेंद्र यादव और अखिलेश सोनी तीनों निवासी केल्हौरी को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### काम्बिंग गश्त में 5 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार

अनूपपुर। शनिवार की रात्रि चचाई पुलिस ने काम्बिंग गश्त के दौरान 5 गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह मरावी के अनुसार गिरफ्तारी वारंटियों में श्यामलाल चौधरी पिता कल्लू चौधरी निवासी बकेही, सुरेंद्र मेहरा पिता अमरजीत मेहरा उम्र 22 साल निवासी कैल्होरी, दुर्गेश वासुदेव पिता भूरा वासुदेव उम्र 30 वर्ष निवासी कैल्होरी, चरकू मेहरा पिता स्व. बैसाखू लाल मेहरा उम्र 35 वर्ष निवासी बरगवां एवं शंकर प्रसाद सोंधिया पिता भोला प्रसाद सोनिया उम्र 22 साल निवासी चचाई शामिल हैं, जिसे न्यायालय पेश किया गया है। साथ ही थाना क्षेत्र के निगरानी एवं गुंडा बदमाशों की सघन चेकिंग की गई।

## कोतवाली पुलिस काम्बिंग गश्त में दर्जनभर वारंटी किया गिरफ्तार

**विजय मत, अनूपपुर**



शनिवार की रात्रि कोतवाली पुलिस द्वारा चलाई गई काम्बिंग गश्त में गिरफ्तारी वारंटी, निगरानी एवं गुंडा बदमाशों की चैकिंग एवं वसूली वारंटो की तामीली में एक दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनमें न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनूपपुर द्वारा बालकरण गोड़ पिता जगमोहन गौंड उम्र 47 वर्ष निवासी जमुड़ी, एवं रवि कुमार पाव पिता देवराज पाव उम्र 21 साल निवासी ग्राम कोलमी का जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट तामील किया गया। इसी तरह कुटुम्ब न्यायालय अनूपपुर द्वारा प्रकरण में विशाल प्रजापति पिता सेमला कुम्हार उम्र 55 साल निवासी ग्राम पसला, रामा बैगा पिता रखना बैगा उम्र 45 साल निवासी वार्ड नम्बर15 अनूपपुर, राजेन्द्र कहार पिता विसम्भा कहार उम्र 26 साल निवासी पुरानी बस्ती अनूपपुर, अशोक चौधरी पिता श्यामकरण चौधरी उम्र 26 साल निवासी ग्राम छुलहा का गिरफ्तारी वसूली वारंट तामील किया गया। इसी तरह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनूपपुर द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट में महेश कुमार रौतेल पिता प्रताप कुमार रौतेल उम्र 28 वर्ष निवासी शान्ति नगर अनूपपुर, वारंटी नरनाहर सिंह पिता कमलभान सिहं उम्र 37 साल निवासी वार्ड न. 12 अनूपपुर, वारंटी रंजीत पटेल पिता सुखराम पटेल उम्र 24 साल निवासी ग्राम मेडियारास, वारंटी भोला सिहं पिता छोटेलाल मरावी उम्र 50 साल निवासी चंदहाटोला अनूपपुर, वारंटी नीरज उर्फ बिन्दा यादव पिता प्रहलाद यादव उम्र 18 साल निवासी ओढेरा, वारंटी रज्जू प्रसाद कोल पिता रामलाल कोल उम्र 29 साल निवासी ग्राम निदावन को गिरफ्तार किया गया और न्यायालय पेश किया गया है।

---

**शपथ ग्रहण** | नए सदस्यों के साथ नए अध्यक्ष को शपथ ग्रहण समारोह में पदाधिकारियों ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

# लायंस क्लब अनूपपुर टाउन से डॉ. कौशलेन्द्र सिंह अध्यक्ष पद पर मनोनीत

**विजय मत, अनूपपुर**






वर्ष 2025-26 की नवीन कार्यकारिणी विस्तार के साथ नए अध्यक्ष पद के लिए 28 जून शनिवार की शाम स्थानीय होटल में लायंस क्लब अनूपपुर का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें पुराने सदस्यों को नए कार्यभार प्रदान कराने सहित प्रतिवर्ष नए प्रतिनियुक्त होने वाले अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस वर्ष 2025-26 के लिए लायंस क्लब अनूपपुर टाउन की ओर से लायन डॉ. कौशलेन्द्र सिंह को नए अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया है। इससे पूर्व लायन सरला भदौरिया अध्यक्ष रहीं। जबकि उपाध्यक्ष के लिए ला. पीएस राउत राय, ला. शशि तिवारी, ला. ऋतु सोनी, सचिव ला. अन्नपूर्णा शर्मा सहसचिव ला. स्मिता दीक्षित, कोषाध्यक्ष ला. दुर्गेन्द्र सिंह भदौरिया, सह कोषाध्यक्ष ला. राकेश गौतम, पीआरओ ला. पूर्णिमा रात्रे, ट्वेंल ट्विस्टर ला. निरूपमा पटेल, टेमर ला. डॉ असीम मुखर्जी, एवं संचालक मंडल के रूप में ला. एड. संतोष अग्रवाल, ला. हरिनारायण खेडिया, ला. राजेन्द्र कुमार बियानी, ला. शिवकुमार गुप्ता, ला. डॉ. एससी राय, ला. लक्ष्मी खेडिया सहित अन्य पूर्व उपाध्यक्ष लायंस क्लब सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिसमें शपथ अधिकारी ला. नरेन्द्र जैन पास्ट डिस्ट्रिक्ट गर्वनर जबलपुर व यशवंत सिंह सेंगर जबलपुर द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी और विशिष्ट अतिथि एसडीएम पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल व जोन चेयरमैन ला. अमरदीप सिंह की उपस्थिति में दिलाई गई। इस मौके पर नए अध्यक्ष मनोनीत हुए ला. डॉ. कौशलेन्द्र सिंह ने क्लब के विश्वास के अनुरूप अपने सहयोगियों व मीडिया के साथ बेहतर विकास कार्य किए जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर लायंस क्लब द्वारा सामाजिक हितों के लिए बेहतर कार्य करने जैसे यातायात नियमों के पालन, नशा मुक्ति के लिए जागरूकता लाने बीजू थामस एवं मीडिया से जुड़े अन्य प्रतिनिधियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्लब एडमिनिस्ट्रेटर ला. चंद्रकांत पटेल और पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी खेडिया द्वारा की गई। वहीं नए सदस्यों के रूप में डॉ. आरपी सोनी, डॉ. जनक सारीवान, अनिल सिंह और माया सिंह को शपथ दिलाई गई।

### मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण और चिकित्सा सेवाओं की हुई समीक्षा

# नर्सिंग संवर्ग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र करें पूर्ण : शुक्ल

■ मेडिकल कॉलेज में आवश्यकतानुसार मैनपॉवर की व्यवस्था के लिए तैयार करें प्रस्ताव



विजय मत, भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि नर्सिंग संवर्ग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए भर्ती नियमों में आवश्यक संशोधन कर कर्मचारी चयन मण्डल को त्वरित रूप से मांग पत्र प्रेषित किए जाएं। फार्मासिस्ट ग्रेड-2, नेत्र सहायक तथा ओ.टी. टेक्नीशियन के पदों की पूर्ति के लिये भी भर्ती प्रक्रिया शीघ्र आरंभ करने के भी निर्देश दिए गए।

मेडिकल कॉलेजों में आउटसोर्स से नियुक्ति संबंधी वर्तमान व्यवस्था में केवल अकुशल पदों की स्वीकृति है, जबकि विभागीय समिति द्वारा कुशल पदों की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है।

इस विषय में व्यावहारिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत प्रस्ताव तैयार कर केबिनेट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिससे उच्च स्तरीय सेवाओं का विधिवत एवं गुणवत्तापूर्ण प्रदाय सुनिश्चित हो सके। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में विभागीय योजनाओं, भर्ती प्रक्रिया, अधोसंरचना विकास, मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण और चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता की वृहद समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

**फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन एवं नियामक प्रक्रियाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए दिए निर्देश...** उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने एचआरपी (हाई रिस्क प्रेगनेंसी) केंद्रों पर धात्री महिलाओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही कक्ष में उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिससे उनकी देखभाल सहज, सुरक्षित और समेकित रूप में संभव हो सके। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन एवं नियामक प्रक्रियाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए नियमों में आवश्यक परिवर्तन की कार्यवाही की समीक्षा की और शीघ्र प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 600 आयुष मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पतालों में फोरेंसिक विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए भी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए, जिससे कानूनी प्रकरणों एवं पोस्टमार्टम संबंधी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

### बंधपत्रधारी चिकित्सकों की बेहतर उपयोगिता के लिए ओरिएंटेशन के निर्देश

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने ग्वालियर मेडिकल कॉलेज में कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग की स्थापना के लिये प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे हृदय रोगों विशेष रूप से बायपास सर्जरी की सुविधा ग्वालियर संभाग में सुलभ हो सके। इसी प्रकार इंदौर मेडिकल कॉलेज में नवजात एवं बाल चिकित्सा (पीडियाट्रिक्स/नियोनेटोलॉजी) विभाग की स्थापना की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने पूर्व की निवेश नीति के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिये। बंधपत्रधारी चिकित्सकों की जिला स्तर पर कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थिति में अभिमुखीकरण (ओरिएंटेशन) करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों को सेवा की महत्ता, दायित्व एवं प्रभावी संचालन के लिए प्रेरित करना और ज़िम्मेदारियों से अवगत होना आवश्यक है जिससे उनकी उपयोगिता को बेहतर बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा सके।

## सीवेज मेंटेनेंस घोटाला: पीएचई के इंजीनियर ने बगैर तकनीकी स्वीकृति कर दी 14.79 करोड़ का पेमेंट, विभाग कर रहा जांच

विजय मत, भोपाल

मध्य प्रदेश लोक स्वास्थ्य यंत्रकी विभाग राजधानी परियोजना खंड 2 भोपाल में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 सीवेज मेंटेनेंस में बगैर तकनीकी स्वीकृति लिए कार्यपालन यंत्री बृजराज सेंगर ने 14.79 करोड़ का भुगतान कर दिया। जबकि भुगतान से पहले विभाग के सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति लेना अनिवार्य होता है, लेकिन सेंगर ने इसे उचित नहीं समझा। खास बात यह है कि प्रमुख अभियंता से इसकी शिकायत विभाग के ही अधीक्षण यंत्री सुनील कुमार चतुर्वेदी ने की है। उन्होंने अपने शिकायत में कहा है कि हमने पिछले 5 साल में किए गए सीवेज मेंटेनेंस के कार्य की तकनीकी स्वीकृत जानकारी मांगी थी, जिसमें कार्यपालन यंत्री बृजराज सेंगर ने 2024- 25 के समय किए गए काम की जानकारी नहीं दी। जांच में पता चला कि इस काम की तकनीकी अनुमति नहीं ली गई थी। इससे साबित होता है कि इसमें बड़ा गड़बड़ झाला किया गया है। अधीक्षण यंत्री ने मांग की है कि बृजराज सेंगर की जांच करवा कर उनको पद से हटाया जाए।



### नियम का किया उल्लंघन

अधीक्षण यंत्री सुनील कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि राजधानी परियोजना भोपाल खंड 2 में पदस्थ प्रभारी कार्यपालक यंत्री बृजराज सेंगर 2024-25 में सीवेज मेंटेनेंस कार्य की तकनीकी स्वीकृति नहीं ली है। इसलिए हमने प्रमुख अभियंता को पत्र लिखकर इनकी जांच और इन्हें निलंबित करने की मांग की है। इन्होंने नियम का उल्लंघन किया है।

### मामले की कर रहे हैं जांच

पीएचई के मुख्य अभियंता आरके हिरोड़िया ने बताया कि हमारे पास शिकायत आई है। हम जांच कर रहे हैं। जांच पूरी होने के बाद ही क्या कार्रवाई होगी इस पर जवाब दे पाएंगे। अगर जांच में कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस मामले में बृजराज सेंगर से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया और ना ही टैक्स मैसेज का जवाब दिया।

### क्या है नियम

कार्य विभाग के मैन्युअल की धारा 2004, 2005 एवं 2006 के प्रावधान के अनुसार कार्यपालन यंत्री के द्वारा भुगतान के पहले यह सुनिश्चित किया जाता हैं कि संबंधित कार्य की सक्षम अधिकारी द्वारा तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई हैं। लेकिन बृजराज सेंगर ने बगैर सुकृति लिए पेमेंट कर दिया जो कि नियम का उल्लंघन है।

### यह है शिकायत

मुख्य अभियंता को किए गए शिकायत में लिखा गया है कि कार्यपालन यंत्री के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में सक्षम अधिकारी की तकनीकी स्वीकृति के बिना ही 14.79 करोड़ का व्यय कर दिया गया जोकि कार्य विभाग के मैन्युअल के प्रावधानों का उल्लघंन हैं, जो कि गंभीर अनियमितता की श्रेणी में आता हैं। सम्पूर्ण वर्ष में इनके द्वारा लापरवाही की गई हैं। भुगतान के पूर्व इन्होने सक्षम अधिकारी की स्वीकृत की जांच नही की एवं न ही इनके द्वारा सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने की किसी भी तरह की कोई कार्यवाही की हैं।

## न्यूज इन शॉर्ट

### ऊर्जा विभाग में विभिन्न श्रेणियों के रिक्त पदों के लिये आवेदन आंमत्रित

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में विभिन्न श्रेणियों के 633 रिक्त पदों पर भर्ती के लिये योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आंमत्रित किये गये हैं। रिक्त पदों में सहायक अभियंता, विधि अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक, उपकेन्द्र परिचारक, सर्वेयर परिचारक के पद शामिल हैं। इन पदों के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 04 अगस्त 2025 है। रिक्त पदों में द्वितीय श्रेणी के सहायक अभियंता (पारेषण) के 63 पद, विधि अधिकारी के 01, कनिष्ठ अभियंता पारेषण के 247, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 12, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक के 67, उपकेन्द्र परिचारक के 229 एवं सर्वेयर परिचारक के 14 पद शामिल हैं। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी एम.पी. ट्रांसको की अधिकृत वेबसाइट mptransco.in अथवा एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट mponline.gov.in अथवा Iforms.mponline.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

### सार्थक ऐप पर फर्जी उपस्थिति दर्ज करने वाले 3 अतिथि विद्वानों का आमंत्रण निरस्त

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने रीवा जिले के हनुमना स्थित शासकीय महाविद्यालय में आमंत्रित अतिथि विद्वान जानकी शरण शुक्ला एवं डॉ. गीता पटेल के आमंत्रण को तत्काल निरस्त करने के सम्बंध में निर्देश जारी किए हैं। साथ ही सीधी जिले के खड्डी स्थित शासकीय महाविद्यालय में आमंत्रित अतिथि विद्वान अभिनंदन पांडे के आमंत्रण को तत्काल निरस्त करने के संबंध में भी निर्देश जारी किए हैं। उक्त तीनों अतिथि विद्वान संस्थान में न होकर अन्यत्र स्थान से अमर्यादित एवं अनुचित रूप से सार्थक ऐप पर फर्जी उपस्थिति लगाकर अनुशासनहीनता करते पाए गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सार्थक ऐप पर छेड़खानी कर अनुचित तरीके से फर्जी उपस्थिति दर्ज करने वाले नियमित स्टॉफ पर भी कार्रवाई प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने सार्थक ऐप पर छेड़खानी कर फर्जी उपस्थिति दर्ज कर शैक्षणिक परिवेश को दूषित करने को गंभीरतापूर्वक लेकर विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। मंत्री परमार के निर्देश के अनुपालन में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिदिन सार्थक उपस्थिति ऐप पर दर्ज प्रत्येक प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी और अतिथि विद्वानों की उपस्थिति का गहन परीक्षण किया जा रहा है और अनुचित तरीके से उपस्थिति दर्ज करने वालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही है।

### ग्राम पंचायत गुनगा में कल होगा वित्तीय समावेशन योजना अभियान का शुभारंभ

**भोपाल।** भोपाल जिले की ग्राम पंचायत गुनगा में आज वित्तीय समावेशन योजनाओं की शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक देशभर में चलाए जा रहे व्यापक अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग, बीमा, पेंशन एवं डिजिटल वित्तीय सेवाओं से जोड़ना है ताकि आर्थिक रूप से उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। भोपाल जिले से इस अभियान के शुभारंभ स्थल के रूप में गुनगा चयनित किया गया है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं डिजिटल बैंकिंग के लाभों की जानकारी दी जाएगी और ऑनस्पॉट खाता एवं बीमा पंजीकरण भी किए जाएंगे।

## ट्रैफिक में बाधा बन रहे बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर हटेंगे: आलोक शर्मा



विजय मत, भोपाल

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए भोपाल सांसद आलोक शर्मा लगातार बैठकेँ ले रहे हैं। सोमवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह, पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा, एडीएम अंकुर मेश्राम, आरटीओ, पीडब्ल्यूडी, राजस्व, नगर निगम व एमपीईबी के अधिकारियों के साथ बैठक की। सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि भोपाल शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने की दिशा में शहर भर में ट्रैफिक में बाधा बन रहे बिजली विभाग के पोल और ट्रांसफार्मर हटाए जाने आवश्यक हैं। इनकी वजह से कई बार एक्सीडेंट हो जाते हैं। इन्हें हटाने की नीति बनाना चाहिए। इस पर कलेक्टर भोपाल ने सहमति देते हुए रक कमेटी बनाने निर्देशित किया है। कमेटी रोड की हद में आ रहे खंबे, डीपी आदि हटाएंगे। इसी तरह ई रिक्शा संचालन के लिए शहर को छह जोन में बांटा गया है। यातायात पुलिस अधिकारियों ने इसका प्रजेंटेशन दिया। ई रिक्शा नियमावली लागू होने के बाद ई रिक्शा कॉलोनी के अंतिम छोर तक चलेंगे। मुख्य मार्ग पर प्रतिबंधित रहेंगे। सांसद शर्मा ने कहा कि गरीब को व्यवसाय के अवसर मिलें और ग्रीनरी को बढ़ावा मिले इसके लिए क्या बेहतर हो सकता है ऐसी नियमावली बनाएं।

### लोक निर्माण विभाग का एक जुलाई को वृहद वृक्षारोपण अभियान

**भोपाल।** हरित मध्यप्रदेश''की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में लोक निर्माण विभाग द्वारा मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक पहल के तहत एक जुलाई को पूरे प्रदेश में एक साथ एक लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ भोपाल के लिंक रोड क्रमांक-एक स्थित चिनार उद्यान में सुबह 10 बजे लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा पौधारोपण कर होगी। मंत्री सिंह ने कहा है कि ÷हरित मध्यप्रदेश÷ की कल्पना को साकार करने के लिए लोक निर्माण विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एक दिन में एक लाख पौधे लगाकर हम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करने जा रहे हैं। यह सिर्फ पौधरोपण नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य देने का संकल्प है।

## पोषण ट्रेकर ऐप का प्रशिक्षण निचले अमले को अवश्य दें, अधिकारी करें मॉनिटरिंग: भूरिया

विजय मत, भोपाल

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि प्रदेश में पोषण ट्रेकर एप के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों के शारीरिक माप (ऊंचाई, वजन एवं आयु के अनुपात में पोषण स्थिति) से संबंधित आंकड़ों का सतत विश्लेषण किया जा रहा है। इन आकड़ों के आधार पर राज्य में पोषण स्तर में सुधार के लिए त्वरित एवं क्षेत्र विशेष की आवश्यकता अनुसार कार्ययोजना बनाई जा रही है। मंत्री सुभूरिया ने कहा कि पोषण ट्रेकर ऐप न केवल बच्चों के शारीरिक माप बल्कि बच्चों के कुपोषण की स्थिति में बोनापन, कम वजन की पहचान में भी सहायक है। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि निचले स्तर के अमले इस ऐप का उपयोग सही तरीके से कर रहे है अथवा नहीं। इसके लिए

### एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न




आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, सुपरवाइजर सभी को तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि निरंतर मॉनिटरिंग करने से त्रुटि को पकड़ा जा सकेगा। मंत्री सुभूरिया ने कहा कि जिस तरह झाबुआ जिले में %मोटी आई% के कन्सेप्ट से कुपोषण में कमी हुई है। इसी तरह अधिकारियों को नवाचार करना चाहिए। हर बच्चे का रिकार्ड रखें, उनकी निगरानी करें और अधिक कमजोर बच्चों को चिकित्सीय सहयोग उपलब्ध कराएं। अपर मुख्य सचिव महिला बाल विकास श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने कहा कि पोषण ट्रेकर ऐप के आँकड़े और वास्तविक आँकड़ों मे फर्क इसलिए दिखता है क्योंकि हम सही मॉनिटरिंग नहीं कर रहे है। हर स्तर पर डेटा की मॉनिटरिंग होनी चाहिए।

### प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में जयवर्धन सिंह ने कहा

## गरीबों की आवाज उठाने पर शासन द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर एफआईआर लोकतंत्र की हत्या

विजय मत, भोपाल

बीते दिन मुंगावली थाने में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी के ऊपर प्रकरण क्रमांक 0233/2025 दर्ज किया गया। यह प्रकरण मुंगावली थाना ञ्रद्ध जोगेंद्र यादव द्वारा स्वसंज्ञान ले कर दर्ज किया गया। जो कि सत्ता के दबाब में प्रतीत होता है। जीतू पटवारी द्वारा अशोकनगर के एक फरियादी गजराज लोधी की प्रशासन में सुनवाई न होने पर उसके आरोपों को की वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर दर्ज हुआ। जिसमें मिथ्या साक्ष्य के आधार पर सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका के तहत किया गया ।



कॉग्रेस का दावा है कि पुलिस प्रशासन द्वारा अपनी लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैया को छुपाने के लिए उक्त प्रकरण को राजनैतिक दबाब में दर्ज किया गया है।

पूरे मामले में आरोपी द्वारा फरियादी के भाई को मल खिलाने के आरोप सार्वजनिक रूप से 10 जून को पहले ही लगाए गए थे। और प्रशासन में सुनवाई न होने पर जनसुनवाई के दिन स्वयं पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास भी किया गया था। और ये खबर प्रदेश और जिले के सभी अखबार और मीडिया चैनल द्वारा दिखाई गई थी। अतः ये कहना कि जीतू पटवारी जी द्वारा साइड में ले जाकर समझाया गया ये असत्य है।

### फील्ड अधिकारियों को दिन में एक बार हाजिरी लगानी होगी

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मैदानी अधिकारियों के लिए सैल्फी अटेंडेंस को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब फील्ड अधिकारियों जिनमें जे.ई. एवं उससे ऊपर के अधिकारी शामिल हैं, को दो बार उपस्थिति दर्ज करने के स्थान पर दिन में कार्यालयीन समय में एक बार उपस्थिति दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।कंपनी ने कहा है कि निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की बढ़ती चुनौतियों एवं कार्य आवश्यकताओं को देखते हुए यह पाया गया है कि फील्ड अधिकारी अक्सर रखरखाव, विद्युत आपूर्ति और अधोसंरचना संबंधी कार्यों के लिए मैदानी भ्रमण पर रहते हैं, जिससे वे उपस्थिति समय-सारणी का पालन नहीं कर पाते हैं। ऐसे में फील्ड कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये और अधिकारियों की मैदानी आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

## जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति ने भोपाल नगर निगम को जल स्रोतों की सफाई एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए कार्यकर्ताओं को दी बधाई

### जल संरक्षण के क्षेत्र में भोपाल नगर निगम को मिला प्रथम स्थान

विजय मत, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मंडी प्रांगण, खंडवा में 90 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल नगर निगम को जल स्त्रोतों की सफाई एवं संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए भोपाल को प्रदेश में प्रथम स्थान के लिए महापौर श्रीमती मालती राय एवं जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए कई नवाचार हुए है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में गुड़ी पड़वा 30 मार्च से 30 जून तक सभी जिलों में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए नवाचार किए गए। अभियान में मनरेगा योजना के अंतर्गत खेत तालाब, अमृत सरोवर और कूप रिचार्ज पिट का निर्माण एवं जल संरचाओं का जीर्णोद्धार किया गया। जल स्त्रोतों के संरक्षण में 2 लाख 39 हजार जलदूतों का सहयोग मिला, वे जल संवर्धन के संवाहक बने हैं। जन-भागीदारी की शक्ति से जल संरक्षण के प्रयास के लिए देश की उन्नति में योगदान देंगे। भारतीय संस्कृति में नदियों-कुओं-तालाबों और बावड़ियों के संरक्षण की परंपरा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और दृष्टि ने जल-संरक्षण को राष्ट्रीय चेतना में बदला है।

**विजय मत एंकर** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

## वर्षा पूर्व सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करें : कलेक्टर सिंह

विजय मत, भोपाल

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय - सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए समस्त संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ राहत सहित सभी पूर्व तैयारियाँ शीघ्र पूर्ण की जाएँ ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।



उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम अपने-अपने अनुभाग के अंतर्गत आने वाले शासकीय विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं जर्जर भवनों का गहन सर्वेक्षण कर संभावित जोखिमों का आंकलन करें और आवश्यक सुधार कार्य एवं सतत निगरानी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों की समय रहते पहचान कर राहत दलों की पूर्व नियुक्ति, संसाधनों की उपलब्धता और आपदा से निपटने हेतु समन्वित योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम अंकुर मेश्राम, सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिंह ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए और जवाबदेही तय की जाए।

समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर सिंह ने ई-केवाईसी और फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में हाल ही में सम्पन्न एपीसी बैठक के निर्देशों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर सिंह ने सभी विभागों को उनके लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी वृक्षारोपण अभियान हेतु समस्त तैयारियाँ समय पर पूर्ण कर ली जाएं और निर्धारित लक्ष्य को नियत समय-सीमा में प्राप्त किया जाए।

## लापरवाह अधिकारीयों पर होगी सख्त कार्यवाही: कृष्णा गौर



विजय मत, भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि समय पर काम नहीं करने वाले लापरवाह अधिकारियों कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही होगी। राज्यमंत्री श्रीमती गौर सोमवार को गोविंदपुरा क्षेत्र के वार्ड 66 में जनसंपर्क के दौरान जनता की समस्याओं को सुन रही थी। उन्होंने गोविंदपुरा क्षेत्र में जे.के. रोड स्थित गोयल अपार्टमेंट क्षेत्र के रहवासियों द्वारा नाली सफाई, जर्जर सर्विस रोड और रात्रि के समय अंधेरे के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए निर्देश दिए।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com